तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 6 नवंबर 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




12 साफ सफाई के अभाव में रिसाली क्षेत्र के पार्कों की स्थिति दयनीय




हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

न्यु ओम ज्वेलर्स

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सिंधी और अग्रवाल समाज के सदस्यों ने थाने पहुंचकर अमित बघेल के खिलाफ शिकायत किया था। शिकायत में बताया गया है कि अमित बघेल ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में सिंधी समाज और उनके पूजनीय इष्टदेव संत झूलेलाल के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन को लेकर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी किया। टिप्पणी के बाद सिंधी और अग्रवाल समाज के लोगों में आक्रोशि व्यक्त किया है। दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने बयान को धार्मिक और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया है। पुलिस प्रशासन से अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग भी की है। इस अपराध के लिए तीन साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भिलाई के सिंधी समाज के लोगों ने एसएसपी विजय अग्रवाल से भी मुलाकात किया था।

### मकान से जेवरात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान के आलमारी से जेवरात चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी विजय कुमार ने शिकायत किया कि घर की आलमारी से सोने के जेवरात पार हो गया था। पुलिस में शिकायत के बाद खोजबीन किया गया। पीड़ित के मकान में पुरैना निवासी बबीता बिनिया नामक महिला दो साल से काम करती थी। उस पर संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ किया। पूछताछ में बबीता ने स्वीकार किया कि लालच में आकर मकान के आलमारी से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपिया ने बताय कि विगत 5 माह से थोड़े-थोड़े करके अलमारी से जेवरात पार किया था। जिसे पावर हाउस के ज्वेलर्स में माला कारीगर रमेश सोनी और भिलाई तीन बाजार चौक के सनी सोनी से गलवा कर नए जेवर बनवाकर अपने घर पर रखना स्वीकार किया।

### आठ महीने के बाद भी उपार्जन केंद्रों से सरकार नहीं उठा पाई है धान

# धान खरीदी दस दिन बाद, समिति प्रबंधक व कर्मियों की हड़ताल से 350 उपार्जन केंद्रों में लटक रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



प्रशासन की धान खरीदी की तैयारी को अभी से झटके लगना शुरू हो गया है। धान खरीदी 15 नवंबर से करना है यानी केवल दस दिन बाकी है। वहीं समिति प्रबंधक से लेकर कर्मचारी तक अनिश्चतकालीन आंदोलन में चले गए हैं। दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित के अंतर्गत 311 सहकारी समितियां हैं जिनके कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। जिसकी वजह से यहां के 350 उपार्जन केंद्रों में ताला लटका हुआ है। जिसमें दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के भी उपार्जन केंद्र शामिल हैं। प्रारंभिक रूप से इन उपार्जन केंद्रों की साफ-सफाई, रखरखाव, चबूतरों का संधारण, तौल व नमी मापक यंत्रों की स्थिति, बारदाने आदि बुनियादी तैयारी की जानी है।

#### इन केंद्रों में ताला है लटका

**केस वन:** बोरीगारका सहकारी समिति के अंतर्गत बोरीगारका में धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इस केंद्र में बोरीगारका, पाउवारा,पुरई , करगाडीह आदि गांव आते हैं। इस उपार्जन केंद्र में करीब 1550 किसान धान बेचने के लिए आते हैं। वर्तमान में यहां ताला लटका हुआ है। किसानों ने बताया कि इन दिनों यहां कोई तैयारी नहीं दिखती।

**केस दो :** उतई सहकारी समिति कें अंतर्गत पुरई रोड में धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इस केंद्र कें अंतर्गत खोपली, उतई, डुंडेरा, डुमरडीह और उमरपोटी गांव के किसान अपना धान बेचने के लिए आते हैं। इस केंद्र में इस बार करीब 1750 किसान धान बेचेंगे। इन दिनों यहां पूरे कर्मचारी आंदोलनरत हैं। किसानों ने बताया कि बड़ी समिति होने की वजह से तैयारी शुरू हो जानी थी लेकिन ताला लटका हुआ है।

**केस तीन:** सेलूद सहकारी समिति कें अंतर्गत सेलूद में ही धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। यह पुराना धान उपार्जन केंद्र हैं और यहां करीब 2200 किसान धान बेचते रहे हैं। इस बार भी इतने ही किसान धान बेचेंगे। इन दिनों यह केंद्र बंद है। जिसकी वजह सभी कर्मचारियों का हड़ताल पर जाना है। किसानों ने बताया कि ढ़ौर, अचानकपुर, सेलूद, देउरझाल, पतोरा, चुनकट्टा आदि लगे गांव के किसानों की धान खरीदी होती है। नोट- ये उदाहरण मात्र हैं। दुर्ग जिले के फुंडा, औंधी, भिलाई तीन, कुम्हारी, नगपुरा, अहिवारा, बेरला, चंदखुरी, सिर्री, मंचादुर , बालोद और बेमेतरा जिले के धान उपार्जन केंद्रों में ताला लटका हुआ है।

#### इन उपार्जन केंद्रों में धान नहीं उठा पाई सरकार

सहकारी समिति प्रबंधकों के मुताबिक प्रदेश में धान खरीदी के लिए 2939 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में धान खरीदी के बाद उठाव की नियत तिथि 28 फरवरी थी लेकिन आठ महीने बीत गए हैं और धान का उठाव नहीं किया गया है। इनमें दुर्ग संभाग के अंतर्गत मानपुर-मोहला, कबीरधाम, अंबिकापुर, सरगुजा, बस्तर, मुंगेली, बलरामपुर सहित कई जिले ऐसे हैं जहां के उपार्जन केंद्रों में धान अब तक रखा हुआ है। जिसकी वजह से यहां सूखत की स्थिति है। मौजूदास्थिति यह है कि सरकार इस साल फिर से धान खरीदी 15 नवंबर से करने जा रही है।

#### सूखत का पैसा नहीं देने से समिति को नुकसान

सहकारी समितियों के माध्यम से उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी होती है। नियम के हिसाब से जब धान नियत समय पर न उठे तो धान को नुकसान पहुंचता है। कीड़े -मकोड़े और चूहे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा जब तक धान उपार्जन केंद्र में डंप है तब तक उसके देख-रेख के लिए कर्मचारी लगे रहते हैं। धूप से सूखत की स्थिति बनती है। जिसका खर्चा समिति वहन करती है। इसलिए सरकार ने सूखत का पैसा समितियों को देती है लेकिन भाजपा सरकार ने नहीं दिया।

#### ये हैं चार प्रमुख मांग

- उपार्जन केंद्रों में धान नियत समय पर नहीं उठे तो सूखत का पैसा दिया जाए।
- मप्र की भांति प्रत्येक समिति को सालाना 3 लाख रुपए मेंटनेंस खर्च मिले।
- प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा कंप्यूटर आपरेटरों की भर्ती की गई है। उसका पूरा वेतन सरकार वहन करें।

#### मांगें पूरी करने पर ही काम पर वापसी

हमारी मांगें पुरानी हैं। उपार्जन केंद्रों में पिछले साल की धान खरीदी का धान स्टॉक है। धान उपार्जन केंद्रों का मेंटनेस, सूखत, देखरेख आदि का वहन समितियां कर रही है। जीरो शार्टेज का पैसा भी समितियों को नहीं मिला। मांगे पूरी करने पर ही हमारी काम पर वापसी होगी। तब तक ताला लटका रहेगा।

- **गिरधर सोनी,** प्रांतीय उपाध्यक्ष, सहकारी समिति छत्तीसगढ़

#### जिला सहकारी बैंक के हैं कर्मी

हड़ताली कर्मचारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के हैं। इसलिए वहां के अधिकारी जानें। धान खरीदी की तैयारी हमारी तरफ से चल रही है।

- **अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी

## कार्तिक पूर्णिमा में नहाने गए नाबालिग की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



कार्तिक पूर्णिमा में घर से तालाब अपने दोस्तों के साथ नहाने गए नाबालिग की डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम व पुलिस पहुंची थी। तालाब में खोजबीन करने के बाद शव को बरामद कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 35 जी केबिन चरोदा निवासी चित्रांश उर्फ अंशु मोंगराज 16 वर्ष का है।



एक साल के उम्र में ही पिता की मौत हो गई थी। चित्रांश घर का इकलौता था। बुधवार की सुबह कार्तिक पूर्णमा पर्व के दौरान तालाब में दोस्तों के साथ चित्रांश नहाने गया हुआ था। सभी युवक अपने-अपने घर पहुंच गए लेकिन सुबह सात बजे तक चित्रांश घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया गया। लेकिन चित्रांश कॉल रिसीव नहीं किया। उसके बाद दोस्तों को कॉल करने पर पता चला कि तालाब के बाहर उसका कपड़ा, मोबाइल पड़ा हुआ है।

वार्ड पार्षद ललित दुर्गा को जानकारी मिलने पर उन्होंने एसडीआरएफ की टीम व पुलिस को घटना की जानकारी दी। उसके बाद जीके बिन के नया तालाब पहुंचे और मशक्कत के बाद चित्रांश के शव को किसी तरह बाहर निकाला गया।

शव को देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तालाब में हुए घटना को लेकर वार्ड के लोगों ने चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग किया है।

#### घंटे भर बाद शव मिल पाया

एसडीआरएफ की टीम ने घंटे भर तक तालाब में खोजबीन किया। टीम में जवान इंद्रपाल यादव और चंद्रप्रताप जंघेल ने डीप डाइविंग कर तालाब में सर्च घंटे भर तक ऑपरेशन शुरू किया। तालाब के बीच में चित्रांश का शव बरामद किया गया। वार्ड के लोगों ने बताया कि नया तालाब काफी गहरा है। पहले भी यहां कई बार हादसे हो चुके हैं। बावजूद प्रशासन सुरक्षा को लेकर सजग नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। वार्ड समेत आसपास के बच्चें तालाब में नहाने जाया करते है।

## लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले बैंक मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुध डेयरी व बीमा करने का झांसा देकर ठगी करने वाले बैंक मैनेजर समेत 6 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीणएएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम घोटा धमधा निवासी चंद्रिका पटेल ने पुलिस में शिकायत किया था कि आरोपी परसकोल निवासी मधु पटेल, एचडीएपसी कर्मी विकास सोनी के साथ मिलकर 166 किसानों के साथ 46 लाख रुपए का ठगी किया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों राहतादाह धमधा निवासी भागवत ठाकुर, यादव पारा हरिशचंद्र यादव, परसकोल मुकेश पटेल, सेक्टर 6 बी ईश्वर राव, यादव पारा जवाहर सोनी, डेहरी चौकी देवकर थाना साजा बेमेतरा हेमंत सिन्हा को गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस वाला बनकर जेवरात किया पार, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

▪ उतई पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, 40 हजार का सामान किया पार

पुलिस वाला बनकर मकान की चेकिंग कर जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। उतई पुलिस ने बताया कि टामिन बंजारे ने शिकायत किया है कि सिविल ट्रेस में दो युवक स्वयं पुलिस कर्मी बनकर पहुंचे थे। युवकों ने पीड़ित के मकान में पहुंचकर गांजा बेचने की शिकायत मिलने का झांसा देकर मकान के भीतर प्रवेश किया। मकान से सोने का मंगलसुत्र, पायल, बिछिया व कान का झुमका पार कर दिया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। अज्ञात युवक स्कुटी से आए थे जिसे सड़क पर खड़ी कर पैदल मकान में पहुंचे थे। अज्ञात ने पीड़ित को पाटन थाने से आने की जानकारी दी थी। दोनों युवक परिजनों को डराने धमकाने लगे और चेकिंग के बहाने मकान का मोबाईल से विडियो बनाने लगे। अलमारी कि चाबी लेकर युवकों ने सारे जेवरात पार कर साथ लेकर फरार हो गए। अज्ञात युवक में एक मेहरुन रंग का शर्ट और काले रंग का जींस, सिर में टोपी बाल छोटे छोटे, जुता पहना था। उसका चेहरा लंम्बा, गोरा हल्का दाढी मुंछ था। दुसरा युवक नीले रंग का शर्ट, टोपी पहना था। हल्के हल्के सफेद दाढी था।

## ये गलत है : गन्ने से मुनाफा कमाकर कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया, पांच दिन बाद भी नहीं की गई सफाई



**भिलाई।** यह तस्वीर सेक्टर-6 मस्जिद के पास की है, जहां पिछले 5 दिनों से गन्ने का कचरा फैला हुआ है, इसकी अब तक सफाई नहीं हुई है। न ही भिलाई निगम ने इसे लेकर गंभीरता दिखाई है, न ही बीएसपी प्रबंधन रूचि ले रहा है। छठ और तुलसी पूजा के दौरान बाहरी राज्यों से गन्ने से भरा ट्रक भिलाई पहुंचा। जेपी चौक के आगे सेक्टर 6 मस्जिद के पास इन गन्नों की जमकर खरीदी बिक्री हुई। व्यापारी मुनाफे में गन्ना बेचकर तो चले गए लेकिन जाते-जाते गंदगी फैला गए। गन्ने की सुखी झाड़ियां आज सड़क पर चारों ओर फैली हुई है। अब यहां आवारा मवेशी झुंट बनाकर इसके आसपास नजर आ रहे हैं।

### कुल चार फाइनेंस कंपनी से लिया था लोन, वसूली के लिए कर रहे थे प्रताड़ित

# भारत और इनोवा फाइनेंस से लिया था लोन, अपमानित होने के बाद लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

चार अलग-अलग फायनेंस कंपनियों से करीब चार लाख रुपए लोन के रुप में मृतक अनिल कुमार मरकाम उर्फ बन्नू ने लिया था। जिसका किश्त भी लगातार पटा रहा है। लेकिन कंपनियों के गुर्गों द्वारा वसूली के लिए मृतक को जबरन तंग कर प्रताड़ित किया करते थे। कई बार सार्वजनिक रुप से अनिल को प्रताड़ित भी कंपनी के कर्मियों द्वारा किया जा चुका है। इससे परेशान होकर अनिल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किया और सुसायडल नोट भी स्पष्ट रुप से लिखा भी था कि कर्ज से परेशान होकर फांसी लगाने की बात सामने आई है। पुलिस इसे लेकर जांच में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि अनिल मरकाम प्राइवेट काम करता था। आर्थिक रूप से कमजोर होने फायनेंस कंपनी से लोन लिया था। भारत व इनोवा समेत चार कंपनी को प्रतिमाह, सप्ताह किश्त भी पटाया करता था। उक्त फायनेंस कंपनियों द्वारा मृतक अनिल मरकाम के मोबाइल पर एजेंटों द्वारा लगातार फोन कर और घर पहुंचकर धमकायां दिया करते थे। बस्ती के लोगों ने बताया कि कंपनी के कलेक्शन एजेंट रोजाना सुबह से शाम तक अनिल के घर पर ही मंडराते रहते थे। अनिल पर किश्त जमा करने का लगातार दबाव डालते थे। कई बार अनिल को सार्वजनिक रूप से अपमानित भी किया करते थे। इस कारण मानसिक रुप से परेशान होकर ही अनिल ने घर में आत्महत्या किया था।



#### दोषियों पर हो कार्रवाई

परिजनों की मांग की है कि इस तरह के प्राइवेट फायनेंस कंपनियों पर कार्रवाई हो और दोषियों को सजा मिले। जिला प्रशासन से भी अपील है कि वित्तीय संस्थानों की कार्यशैली की जांच भी होनी चाहिए। लोन लेने के लिए पीड़ित से आधार, बैंक पासबुक, पहचान पत्र पर बडे ही आसानी से लोन दिया करते है। लोन देकर ब्याजद के ऊपर चक्रवृद्धि ब्याज तक लिया जाता है। लेकिन इसकी जानकारी लोन लेने वाले तक को पता नहीं हो पाता है।

#### दर्जन भर फायनेस कंपनी जांच के घेरे में

पाटन क्षेत्र में आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को ग्रुप लोन देकर अपने चुंगल में फांसने वाले लोन फायनेंस कंपनी यहां दर्जन भर है। जिनका आफिस भी ऐसे जगह में बना है जहां कोई आता जाता तक नहीं है। इसके अलावा ये फायनेंस कंपनी कमजोर वर्ग के लोगों को ही लोन देकर झांसा में लेकर आती है।लोन नहीं पटाने पर इनके एजेंट उनके घर तक पहुंच रहें है। परिजनों से एजेंट गाली गलौज कर दबंगई कर किश्त लेने दबाव डाला करते है।इस तरह का फायनेंस कंपनियों का जाल पाटन में फैला हुआ है। पुलिस इन कंपनियों की जांच करने टीम बनाई है। जो अनिल की मौत से जुड़ा हुआ है।

#### जांच की जा रही है

जांच में जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। घटनास्थल से सुसायडल नोट भी पुलिस को मिला था। किससे -किससे कर्जा लिया था। इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

- **अनूप लकड़ा,** एसडीओपी पाटन

## स्कूल जा रही छात्रा की हादसे में मौत

**भिलाई।** स्कूल जा रही छात्रा को बाइक सवार ने ठोकर मारने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र का है। धमधा पुलिस ने बताया कि धमधा-खैरागढ़ मार्ग पर धरमपुरा और बरहापुर चौक के पास छाया साहू रोज की तरह साइकिल से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बरहापुर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने छाया साहू को चपेट में लिया। हादसे में छाया की मौके की पर ही मौत हो गई। छात्रा ग्राम धरमपुरा की रहने वाली थी। कक्षा 6वीं की छात्रा थी। बाइक चालक ग्राम गोरपा माधवन यादव है, जो बाइक से तेज रफ्तार से आ रहा था। छात्रा को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि छात्रा रोज इसी रास्ते से स्कूल जाती थी। 4 नवम्बर को भी घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन वापस घर लौट कर नहीं आ पाई।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# ठेले-खोमचे वाले भी जुड़ेंगे डिजिटल लेन-देन से, निगम ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आयुक्त सुमीत अग्रवाल के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वनिधि से संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 4 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन से जोड़ना, बैंकिंग सुविधा का लाभ दिलाना और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

डाटा सेंटर सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित शिविर में अभियान के पहले दिन रिटर्न बाय बैंक श्रेणी के 34 आवेदकों को आमंत्रित किया गया। टीम ने उनके प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और 32 इच्छुक आवेदकों के प्रकरणों को पुनः संबंधित बैंकों को भेजा गया ताकि उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ दोबारा मिल सके। शिविर में नगर निगम टीम द्वारा 32 पथ विक्रेताओं का सोशल प्रोफाइलिंग कार्य किया गया। इस पहल के माध्यम से पथ विक्रेताओं को भारत सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़े जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

सोशल प्रोफाइलिंग से उनकी पहचान, आजीविका और सामाजिक स्थिति का संपूर्ण डाटा तैयार होगा, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा।

## 32 आवेदकों के प्रकरणों को संबंधित बैंकों को भेजा गया

### 36 विक्रेताओं को मिला क्यूआर और साउंड बॉक्स

डिजिटल इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नगर निगम दुर्ग ने पेटीएम डिजिटल पेमेंट एग्रीगेटर के सहयोग से 36 पथ विक्रेताओं को क्यूआर कोड एवं पेटीएम साउंड बॉक्स प्रदान किए। इससे पथ विक्रेता अब अपने ग्राहकों से डिजिटल तरीके से भुगतान स्वीकार कर सकेंगे, जो नगद रहित लेनदेन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



मुख्य तथ्य...
- 0 अभियान अवधि 4 नवम्बर से 2 दिसम्बर
- 0 पहले दिन 34 प्रकरणों की समीक्षा, 32 पुनः बैंक प्रेषित
- 0 36 विक्रेताओं को क्यूआर एवं साउंड बॉक्स वितरण।
- 0 1500 पथ विक्रेताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना
- 0 आयोजन स्थल-डाटा सेंटर सेंट्रल लाइब्रेरी

### 1500 पथ विक्रेताओं को किया जाएगा डिजिटली सक्रिय

आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 2 दिसम्बर तक 1500 से अधिक पथ विक्रेताओं को क्यूआर कोड प्रदाय कर डिजिटली सक्रिय किया जाएगा। साथ ही नए ऋण प्रकरणों के वितरण के लिए बैंकों से निरंतर संपर्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक विक्रेता प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़ सकें और अपने व्यवसाय को विस्तार दे सकें। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा स्वनिधि से संकल्प अभियान सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि यह पथ विक्रेताओं के जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता और डिजिटल प्रगति का संकल्प है। नगर निगम का लक्ष्य है कि कोई भी पथ विक्रेता योजनाओं से वंचित न रहे और सबको आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिले।

## खबर संक्षेप

### 2060 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन

**दुर्ग।** जिले के 53 शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन शिविर लगाया गया। जिसमें 2060 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन किया गया। 246 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन और दो विद्यार्थियों का नया आधार बनाया गया।

### ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण 6 को

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, सुचारू रूप से संचालन एवं उनके प्रयोगों के संबंध में प्रशिक्षण 6 नवम्बर को प्रातः 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक विश्वनाथ यादव तामस्कर पीजी आटोनामस कालेज दुर्ग साइंस कॉलेज दुर्ग में आयोजित की गई है। जिन विभागों को ई-ऑफिस संचालन में समस्या हो रही है, संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं या अपने कर्मचारी को नियत दिनांक, समय, स्थल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने कहा गया है।

## निधन

### सुरिंदर कौर



**भिलाई।** एल आई जी - 3019, हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई निवासी एवं हाउसिंग बोर्ड सिख समाज की सदस्या सुरिंदर कौर 65 वर्ष का निधन 3 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 नवंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सरदार गुरजीत सिंह गिल (बंटी), अवतार सिंह गिल मां एवं सरदार अमरजीत सिंह की पत्नी थीं।

### दमानी वर्मा



**भिलाई।** ग्राम सोरम -पंदर पाटन निवासी दमानी वर्मा 30 वर्ष का 5 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार निज ग्राम में किया गया। वे जगदीश वर्मा की पुत्री थी।

## अनदेखी : शहर के उद्यानों का नहीं हो रहा संधारण

# साफ सफाई के अभाव में रिसाली क्षेत्र के पार्कों की स्थिति दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम रिसाली के कई पार्क आज अपनी पहचान खोते जा रही है। पार्कों अब गंदगी और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन गए हैं। बच्चों की हंसी और परिवारों की आवाज से गूंजने वाले पार्कों का साफ सफाई के अभाव में दयनीय स्थिति में है।

जानकारी के अनुसार यहां छोटे-बड़े करीब 25 पार्क है। लोगों के सैरसपाट, बच्चों के खेलकूद व ताजी हवाओं का लुत्फ उठाने लाखों रुपए खर्च कर इन पार्कों का निर्माण कराया गया है। कुछ पार्कों को छोड़ बाकी सभी में साफ सफाई का अभाव है। कई पार्कों में साफ सफाई का अभाव है। वहीं कई पार्कों में बाहर से ताला लगा हुआ है। कुछ जगह दीवार व जाली भी टूई गई है।

### झूले टूटे हुए, जगह-जगह बिखरा पड़ा है कचरा









#### कई पार्कों में टूटे झूल

कई पार्कों में झूले टूटे हुए है। वहीं कुछ में संधारण की आवश्यकता है। झूलों के आसपास जंगल झाड़ियों का कब्जा है। ओपन जिम में लगे संसाधनों में जंग लगने लगा है। कुछ पार्कों के मुख्य द्वार खुले रहने से आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। ये आवारा मवेशी पार्कों में लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं रात को कुछ पार्कों में असामाजिक तत्वों का डेर रहता है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए पार्क मेंटेनेंस के अभाव में उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं।





# एसआईआर : अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में

- भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति नहीं होगा स्थानांतरण

निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 28 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ कर 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के प्रावधान के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी, कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे।

उक्त अवधि में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे संभागायुक्त, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी तथा उक्त कार्य में लगे अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों का स्थानांतरण पुनरीक्षण कार्य की अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति, सहमति से स्थानांतरण नहीं होंगे ताकि एसआईआर के दौरान कार्य की निरन्तरता बनी रहें और कार्य प्रभावित न हों।

### सिरसिदा में गोवंश के साथ निर्दयता

**अंडा।** बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सिरसिदा में गोवंश के साथ निर्दयता की घटना सामने आई है। यहां बबिता चंद्राकर के घर की एक गाभिन गाय खेत में चली गई थी। जिसे देखकर संबंधित खेत के मालिक ने हंसिए से गाय के पैर को पीछे से काट दिया। इससे गाय बुरी तरह घायल है और लगातार खून बह रहा है। पीड़ित पशुपालक ने खेत मालिक से घायल गाय का उपचार कराने की मांग की है। वहीं पुलिस प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक 9 को सतनाम भवन में



**पाटन।** सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक 9 नवंबर को पाटन के सतनाम भवन में रखी गई है, जिसमें जिले भर से सतनामी समाज के युवा साथी शामिल होंगे।बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में युवाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना, सामाजिक एकता को मजबूत करना और संगठन के भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श करना है। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं युवा नेता मौजूद रहेंगे। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष अहेन्द्र चेलक के नेतृत्व में किया जाएगा। आयोजकों ने समाज के सभी युवा भाइयों से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती में युवाओं की सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए यह बैठक विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने की मांग, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने की है। संघ के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने बताया कि जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक होने के बाद अब तक समिति की बैठक नहीं हुई है। शासन द्वारा तीन माह में परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाए जाने के निर्देश है। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक विगत कई वर्षों से नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नति, वरिष्ठता सूची का प्रकाशन समय पर नहीं होने, सेवा पुस्तिका संधारण अघतन, सेवा निवृत्ति उपरांत कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान समय पर नहीं होने, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण, चिकित्सा देयक आदि कर्मचारियों को समय पर नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।शासन के उक्त निर्देशानुसार विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी के जिलाध्यक्ष एवं छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग के मीडिया प्रभारी भानु प्रताप यादव एवं जिला सचिव शिवदयाल धृतलहरे ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कलेक्टर दुर्ग को सौंपा है।

- समयमान, वेतनमान सहित अन्य कार्य समय पर नहीं हो रहे

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

# उतई-डुमरडीह मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढे, मरम्मत शुरू



**उतई।** बस स्टैंड उतई डुमरडीह चौक पर दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग पर अब गड्ढों से निजात मिलेगी। 'हरिभूमि' में इस सड़क की दुर्दशा की खबर प्रकाशित होने के बाद आज लोक निर्माण विभाग पाटन हरकत में आया और मरम्मत का काम शुरू किया। उल्लेखनी है कि यहां लगभग एक से डेढ़ फीट का जानलेवा गड्ढा बन गया था जिस पर रोज कोई ना कोई राहगीर गिर कर घायल हो रहा था। 'हरिभूमि' ने जन सरोकार को देखते हुए इस दुर्दशा को प्रमुखता प्रकाशित किया था और समाचार के माध्यम से बताया गया था कि अगर इस गड्ढा को भरा नही गया तो भविष्य में किस प्रकार बड़ी दर्घटना घट सकता था। इस समाचार पर लोक निर्माण विभाग पाटन ने संज्ञान लिया। मामले की गम्भीरता को समझते हुए सुबह ही लोकनिर्माण विभाग अधिकारी पाटन सोनल घनेद्र ने सब इंजीनियर आर के राव के नेतृत्व में इस गड्ढे को भरवाया । लोकनिर्माण विभाग की सक्रियता को देखते हुए बस स्टैंड के आस पास के ग्रामीणों विभाग के सराहनीय किया।

### नगर कीर्तन का फाउंडेशन ने किया स्वागत

**दुर्ग।** श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन का नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने जलाराम मिष्ठान भंडार के सामने स्वागत किया। एकत्रित सदस्यों ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों को फूल माला पहना आशीर्वाद लिया व श्री गुरु ग्रन्थ साहेब पर पुष्प वर्षा कर माथा टेका एवं समाज के उत्थान के लिए अरदास की दृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, सुरेश जैन, राजेश पारख ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

### बेरोजगार चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान

**दुर्ग।** युवा संघर्ष समिति द्वारा दुर्ग के जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे ने बताया कि नव निर्वाचित समिति के जिला स्तरीय बैठक की गई जिसमें जिला के सभी बेरोजगार युवाओं को संगठित कर बेरोजगारी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलने का निर्णय लिया गया। बैठक में राहुल, अनिल, सूरज, तोमन, रितेश, राजकुमार, रोहित, अशोक, विजय, प्रदीप, रोशन अन्य जिला के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मानव जीवन का रहस्य समझने भगवत गीता की वाणी का रसपान करें : आचार्य

**जामगांव आर।** लूणी बाई केला फ्रंट परिसर जामगांव आर में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन गीता पाठ तुलसी वर्षा पूर्णिमा उद्यापन के साथ बुधवार को हुआ। भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। यज्ञ हवन पूजन के साथ भागवत भगवान की अमृत वाणी प्रवाह अतीत अंकन हुई।



भागवताचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा कि दुर्लभ मानव जीवन के रहस्य को समझने भगवत गीता का पठन श्रवण और मनन करे। जरा सोचे सप्ताह भर भागवत भगवान की कथा सुनने के बाद आप में क्या परिवर्तन आया , पहले धर्म नीति विरुद्ध जो कार्य आपसे होते रहे है वह अब नहीं होंगे। यदि ऐसा करने में सफल हो गए तो भागवत भगवान की कृपा आपको अवश्य प्राप्त होगी।साधना भक्ति से बेसुरा का सुर भी लय बद्ध होने लगता है। आचार्य श्री ने कहा कि भक्त चार प्रकार के होते है पहला अर्थार्थी भक्त जो भक्त धन सुख की मनोकामना पूर्ति हेतु भगवान के शरण में जाते है दूसरा संकट निवारण प्रार्थी भक्त ये भक्त अपनी संकट दूर करने के लिए प्रार्थना करते रहते है तीसरा जिज्ञासु भक्त जिन्हें जानने समझने में काफी रुचि होती है और चौथा ज्ञानी भक्त होते है जो भीतर से प्रकाशित होते है। आचार्य श्री ने कहा कि भाई से बैर ना रखे भाइयों की एकता जब रहती है तब बुरा चाहने वाले के हौसला पस्त हो जाते है मन मुटाव कुरुक्षेत्र का निर्माण करा देता है जो किसी के हित में नहीं है प्रभु की भक्ति करते चलो चेतना जागती चली जाएगी बिगड़ने वाली काम भी बनती चली जाएगी।

# चौहान ग्रुप का मेगा फेस्टिवल लकी ड्रॉ हुआ उपहारों का वितरण



**दुर्ग/भिलाई।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं व्यापारिक समूह चौहान ग्रुप (रियल एस्टेट, चौहान ऑटोमोबाइल मारूति सुजूकी अरीना एंड नेक्सा तथा चौहान मोटर्स हीरो द्वारा आयोजित मेगा फेस्टिवल लकी ड्रॉ ऑफर, जिसका आयोजन 16 अगस्त से 18 अक्टूबर तक किया गया था, उसका लकी ड्रॉ ओपनिंग 5 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ। इस स्कीम में ग्राहकों ने बड़े उत्साह और विश्वास के साथ भाग लिया। ग्राहकों के विश्वास एवं समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चौहान ग्रुप ने विजेताओं को आकर्षक एवं मूल्यवान पुरस्कारों से सम्मानित किया। वहीं 10 भाग्यशाली विजेताओं को एम्पोरियम होटल में 1 दिन का निःशुल्क लक्ज़री स्टे प्रदान किया गया। 5 विजेताओं को हीरो वीडा इलेक्ट्रिक स्कूटर उपहार में दी गई, ताकि स्वच्छ, शांत एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिले। वहीं मेगा बंपर पुरस्कार के तहत अहिरवाड़ा निवासी राजलक्ष्मी ने अपनी किस्मत के दम पर मारूति सुजूकी ग्रांड विटारा कार जीती। उन्हें सम्मानपूर्वक पुरस्कार सौंपा गया।

# रंगोली, मेंहदी और आर्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन




**भिलाई।** बीएम कॉलेज कोलिहापुरी,पुलगांव, दुर्ग में तुलसी पूजा के उपलक्ष्य में रंगोली, मेंहदी एवं आर्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में अलग अलग विषय तुलसी पूजा, समृद्ध छ. ग., पर्यावरण इत्यादि विषयो पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली से चित्र बनाया गया। तत्पश्चात मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा दुल्हन मेंहदी के अलग अलग डिज़ाइन बनाकर निर्णायको को आकर्षित किया।आर्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट समाग्री का उपयोग कर पक्षियों के लिए घोंसला, क्ले और मिट्टी का उपयोग कर दीपक, चंद्रयान का डिज़ाइन इत्यादि तैयार किया गया।महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव. एवं एम. एल. साव द्वारा सभी का अवलोकन और निरिक्षण किया गया। सभी विद्यार्थियों की कार्यों की प्रशंसा की गयी तथा भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिता बड़े स्तर पर कराने की इच्छा प्रकट किये।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


06
नवंबर
हर हर
महादेव
अकाल मृत्यु
वो मरे
जो काम करे
चण्डाल का,
काल उसका
क्या बिगाड़े
जो भक्त हो
महाकाल का।
तुम
जियो
हजारों
साल
उपनेता प्रतिपक्ष
श्री दया
सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Happy
Birthday
विनीत: बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति, भिलाई (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास की खुली लाटरी 12 नवम्बर को निगम सभागार में

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। हितग्राहियो द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्रों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया गया है। नियमानुसार लाटरी पद्वति से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा एवम अन्य हितग्राही को भी भूतल के आवासों में लॉटरी के माध्यम से आबंटन किया जावेगा कार्यालयीन अवधि में लॉटरी के पूर्व योजना शाखा में उपस्थित होकर मकान का नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लाटरी में शामिल हो सकते है। नगर निगम भिलाई अपील करती है कि पीएम आवास के हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी का लाभ उठाएं।

### बीएकेएस का चुनाव सात दिसंबर को, चुनाव कमेटी गठित

भिलाई। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ का चुनाव 7 दिसंबर को होगा। नई कमेटी के गठन के लिए आंतरिक चुनाव का कैलेण्डर जारी कर दिया गया है । चुनाव संपन्न कराने सुनील शर्मा के नेतृत्व में 5 सदस्यो वाली कमिटी गठित की गई है । कमेटी में ब्रजेश कुमार, हंसराज मीणा, रमेश, लोकेश दुबे को चुनाव अधिकारी बनाया गया है । चुनाव अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि यूनियन के आंतरिक चुनाव का चुनावी कैलेंडर घोषित किया गया है जिसके तहत मतदाता सुची का प्रकाशन 10 नवम्बर तक,मतदाता सूची में नाम जोड़ने घटाने /आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तारीख 12 नवम्बर है। चुनाव अध्यक्ष , महासचिव , कोषाध्यक्ष तथा विभागीय वर्किंग कमिटी सदस्यों के लिए होगा। अन्य पदाधिकारी बाद में चुने जाएंगे। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथी 15 नवंबर से 18 नवंबर व नामांकन वापसी 19 नवम्बर को होना है।

### पूर्व सीएम के विकास की घोषणा ननि भिलाई ने डाली ठंडे बस्ते में

# चार साल बाद भी सेक्टर 5 की तरह अन्य सेक्टरों की नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के चमचमाते सेक्टर 5 को मांडल बनाकर इसी तरह अन्य सेक्टरों के विकास की योजना चार साल बाद भी जमीन पर नहीं उतर पाई है। इसका खामियाजा लाखों रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई उदासीन बना हुआ है।

गौरतलब हो कि वर्ष 2021 में नगर निगम भिलाई के चुनाव बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवनिर्वाचित महापौर नीरज पाल के निवास क्षेत्र सेक्टर पांच की तरह टाउनशिप के सभी सेक्टरों का विकास कर तस्वीर बदलने की घोषणा की थी। उन्होंने निगम परिसर में हुए शपथ ग्रहण समारोह नवनिर्वाचित मेयर श्री पाल के निवास क्षेत्र वाले सेक्टर पांच के विकास की सराहना करते हुए सभी सेक्टरों को भी विकसित करने कहा था।

महापौर ने भी मंच से जल्द पहली एमआईसी में प्रस्ताव लाकर सीएम की घोषणा की योजना को मूर्त रुप देने का ऐलान किया था। लेकिन नगर निगम द्वारा अब तक यह योजना ठंडे बस्ते में हैं। इसके चलते सेक्टर 1 से सेक्टर 10 तक व्याप्त समस्याओं के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर 1,2,3,4,5 सेक्टर 6,7 व रिसाली सेक्टर आदि सभी सेक्टरों में आवास,सफाई, पुरानी जर्जर पाइप व सीवेज लाइन,सड़क,,आवारा मवेशियों आदि नागरिक सुविधाएं बदहाल हैं। पचास साठ साल पुरानी हो चुकी टाउनशिप कायाकल्प मांग रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि टाउनशिप में दो नगर निगम और बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग की मौजूदकी के बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे हैं। नगर निगम को जल्द सेक्टर पांच की तरह अन्य सभी सेक्टरों में भी सहूलियतों को दुरुस्त किए जाने की जरुरत है।

**सेक्टर 1 से 10 तक बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे लोग**



#### जर्जर आवास, नहीं बदली पुरानी पेयजल व सीवेज लाइन, आवारा मवेशियों से हादसे

टाउनशिप के अधिकतर सेक्टरों में पचास साल पूर्व बने आवास पुराने होने के कारण जर्जर हो चुके हैं। आवासों में टूटफूट,गटर व टायलेट जाम, जर्जर वायरिंग और स्लैब के जर्जर टुकड़े गिरते रहने की समस्या बनी रहती है। पेयजल व सीवेज पाइप लाइन पुरानी होने से गंदे पानी व ऊपरी माले में पानी नहीं चढ़ने से लोग परेशानी गर्मी में बढ़ जाती है। कई क्रास स्ट्रीटो का संधारण नहीं हुआ है। सभी सेक्टरों में सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। आवारा मवेशियों से गंदगी व दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई इस्पात क्लब जर्जर, हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं और 70 स्कूल भी बंद हो चुके हैं।

#### चमचमा रहा है सेक्टर पांच

टाउनशिप का सेक्टर पांच चमचमा रहा है। यहां सभी मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह बेहतर हैं। चमचमाती चौड़ी सड़कें, जगह जगह एलईडी व हाइमास्ड लाइटें, सड़कों पर आई कैट लाइट, भव्य शहीद भगत सिंह पार्क सहित कई आकर्षक हरेभरे उद्यान, बैडमिंटन कोर्ट, व्यायाम शालाएं, संधारित इस्पात क्लब, साफ सुधरा मार्केट और पूरी तरह नीट एंड क्लीन यह सेक्टर है। उल्लेखनीय है यहां महापौर नीरज पाल सहित सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव और पूर्व मेयर नीता लोधी का भी निवास है।

# बीमार होने पर दें दवा नौकरी से ना निकालें

### बीडब्ल्यूयू ने सांसद बघेल व प्रबंधन से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीडब्ल्यूयू ने की बीएसपी में ठेका श्रमिकों की मेडिकल जांच में अनियमितता पर रोक की मांग

बीएसपी वर्कर्स यूनियन ( बीडबल्यू) ने भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों की मेडिकल जांच के नाम पर हो रही अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग प्रबंधन और सांसद विजय बघेल से की है। यूनियन ने कहा कि मेडिकल जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और श्रमिकों की गरिमा सुनिश्चित की जानी चाहिए। वर्तमान प्रणाली से श्रमिकों का मानसिक और आर्थिक शोषण भी हो रहा है।

बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि श्रमिकों की लगातार शिकायतें मेडिकल जांच के नाम पर दुर्व्यवहार पिछले कई हफ्तों से यूनियन कार्यालय में ठेका श्रमिकों की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। मेडिकल जांच के नाम पर उनसे निजी अनुचित व्यवहार किया जा रहा है।

श्रमिकों ने बताया कि मामूली बीमारियों शुगर, ब्लड प्रेशर, या अन्य सामान्य रोगों के कारण उन्हें अनफिट घोषित कर दिया जाता है। इससे वे रोजगार से वंचित हो जाते हैं।अनफिट घोषित किए गए श्रमिकों को दोबारा फिट" होने के लिए निजी अस्पतालों में जाकर जांच करानी पड़ती है, जिसके लिए उनको राशि खर्च करनी पड़ती है। इससे श्रमिकों पर आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव बढ़ा रहा है।

#### ईएसआई अस्पताल करे जांच

यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल से मिलकर श्रमिकों का प्रतिनिधिमंडल श्री बघेल से मिलकर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने इस मामले मे बीएसपी प्रबंधन से पारदर्शिता और सुधार करने कहा। उनके निर्देश पर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल संयंत्र के सेफ्टी विभाग के सीजीएम, जीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उस एजेंसी और डॉक्टरों से भी मिला, जिन्हें मेडिकल जांच का कार्य सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि श्रमिकों से दुर्व्यवहार और अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी श्रमिक को सामान्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं, तो प्रबंधन को उसका इलाज और दवा उपलब्ध कराना चाहिए, न कि उसे नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। यूनियन अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने कहा यदि मेडिकल जांच के नाम पर उन्हें अपमानित या परेशान किया गया तो यूनियन चुप नहीं बैठेगी।मेडिकल जांच का उद्देश्य श्रमिकों की सुरक्षा है, न कि उन्हें नौकरी से वंचित करना। यूनियन ने इस बात पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि मेडिकल जांच का कार्य निजी एजेंसियों को सौंपा गया है। यूनियन ने मांग की कि सभी श्रमिकों की मेडिकल जांच ईएसआई अस्पताल से की जाए, ताकि प्रक्रिया सरकारी निगरानी में रहे और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

# नवीनीकृत मुस्कान दिव्यांग विद्यालय का हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीएसपी सीएएसआर की पहल

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग, द्वारा सेक्टर-2 मुस्कान दिव्यांग विद्यालय में परिसर नवीनीकरण बाद हस्तांतरण समारोह हुआ। इस अवसर पर नवीनीकृत विद्यालय परिसर का हस्तांतरण प्राचार्य अशोक साहू को विलेख के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। मुस्कान मानसिक दिव्यांग विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र त्रिविधा विकास समिति द्वारा संचालित है, जिसके निदेशक अजय कांत भट्ट, सुधीर जोशी, अशोक कुमार गुप्ता व सनत कुमार जैन हैं। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक हरीश कुमार सचदेव व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक शिवराजन, उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक केके वर्मा थे। इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण सुधीर जोशी ने दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्राचार्य अशोक साहू एवं शिक्षकगण द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देना प्रशंसनीय प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन मुस्कान विद्यालय के सदस्य अजय कांत भट्ट द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापन अशोक गुप्ता ने दिया।

# सांसद विजय बघेल ने सपरिवार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट



**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने अपने परिवार सहित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली स्थित उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सांसद बघेल ने प्रधानमंत्री को दुर्गवासियों की ओर से शुभकामनाएँ और आभार भी प्रकट किया। क्षेत्रीय विकास और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी सकारात्मक बातचीत हुई। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

# अखंड हरि कीर्तन के नाम जप से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा

श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 में कार्तिक पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार सुबह 7:30 बजे गंगा आह्वान के बाद पूजा अर्चना कर अखंड हरी नाम संकीर्तन प्रारंभ हुई।

श्री जगन्नाथ मंदिर के सदस्यों के साथ ही विभिन्न कीर्तन दलों एवं भक्त जनों ने नाम जप किया। संपूर्ण मंदिर परिसर हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम,हरे राम, राम राम हरे हरे की गूंज से भक्तिमय हो गया। नाचते गाते भक्त जनों ने ढोल मंजीरों के साथ हरि नाम लेते हुए परिक्रमा करते रहे। कार्तिक पूर्णिमा का संपूर्ण पूजा विधि पंडित परितोष पाणिग्रही द्वारा संपन्न किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 के परिसर में महाभोग वितरण का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस महा भंडारा में लगभग 5000 भक्त जनों ने प्रसाद सेवन किया। इस दौरान जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू,भीम स्वांई, बीसी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांई, बसंत प्रधान, प्रकाश स्वांई, कैलाश पात्रो, प्रकाश दास, कालू बेहेरा, रंजन महापात्र, रवि स्वांई, बीस केशन साहू, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहेरा, वी के होता, एस दलाई, जगन्नाथ पटनायक, सुशांत सतपति, निरंजन महाराणा, हिमांशु शांति, सुदर्शन शांति, कैलाश पाढ़ी, लखन बिस्वाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



# सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण से बढ़ा चौतरफा विरोध, सीटू तेज करेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सीटू ने नेहरु प्रतिमा के सामने प्रदर्शन कर आंदोलन तेज करने की ली शपथ

भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 के निजीकरण के विरुद्ध व्यापक विरोध बढ़ता जा रहा है। यूनियनों के साथ सामाजिक व जन संगठनों ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। सभी ने केंद्र सरकार व बीएसपी व सेल प्रबंधन से इस अस्पताल को निजी कारपोरेट ग्रुप के हाथों सौंपे जाने के कदम को वापस लेने की मांग की है। सीटू यूनियन ने जेएलएन अस्पताल नेहरू की प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर बुधवार को सीटू की अस्पताल टीम ने शपथ लिया कि अस्पताल को निजी हाथों में देने के हर संभावनाओं को समाप्त करने के लिए सीटू के नेतृत्व में संघर्ष को तेज करेंगे। सीटू यूनियन से अस्पताल की टीम ने अस्पताल की सुविधाओं व विशेषताओं से लैस बताया और कहा कि कि इस अस्पताल का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास है। इस अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध है केवल डॉक्टरों की कमी एवं मेडिकल स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था कर दिया जाए तो बड़े-बड़े कॉरपोरेट हॉस्पिटल भी सेक्टर 9 अस्पताल के सामने टिक नहीं पाएंगे । यहां बेहतरीन बर्न यूनिट है जहां बर्न केस में बेहतर इलाज किया जाता है स्किन ग्राफ्टिंग की जाती है । बेहतरीन न्यू निटिल यूनिट है जहां पर 9 माह से पहले पैदा होने वाले बच्चों को रखकर बेहतर इलाज जाता है बच्चों का अलग से आईसीयू मौजूद है। बांडी स्कैन करने वालीटेस्ला एमआरआई मशीन उपलब्ध है।



#### कई अत्याधुनिक सुविधाएं हैं

जेएलएन अस्पताल में छत्तीसगढ़ का पहला एनएबीएच एक्रीडिटेशन और एक मात्र नाट टेस्टेड ब्लड बैंक है। अत्यधिक उपकरणों से सुसज्जित ब्लड बैंक व एकमात्र नाट मशीन है जिसकी लागत करोड़ों में है, नाट टेस्टेड ब्लड मरीज को चढ़ाया जाता है,न्यूक्लिक एसिड टेस्ट एक अत्यधिक संवेदनशील रक्त परीक्षण है जो एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी जैसे वायरस के आनुवंशिक पदार्थ (आरएनए या डीएनए) का सीधे पता लगाता है। 860 बेड के इस अस्पताल में हर बेड तक सीधे ऑक्सीजन पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध है एवं ऑक्सीजन पहुंचाने का यूनिट भी इस अस्पताल में स्थापित किया गया है । अस्पताल में सुसज्जित 12 बिस्तरों का आईसीयू एवं चार बिस्तरों का स्टेप डाउन आईसीयू मौजूद है जिसमें समय-समय पर फुमिगेशन किया जाता है।

#### मरीजों को 50 प्रकार का मिलता है गुणवत्तायुक्त भोजन

हॉस्पिटल इनफॉरमेशन मैनेजमेंट सिस्टम से सुसज्जित व डायबिटिक, नॉन डायबीटिक, हाई प्रोटीन लिक्विड डाइट सहित अलग-अलग मरीजों के लिए 50 से ज्यादा प्रकार के भोजन बनाकर मरीज तक सप्लाई किए जाते हैं सीटू नेताओं ने कहा कि आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए ऐसे सुसज्जित अस्पतालों का ज्यादा से ज्यादा निर्माण करनें एवं संचालित करनें के बारे में सरकार को प्रयास करना चाहिए । लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार एवं उसके मंत्रालय उल्टा सार्वजनिक उद्योग के अस्पताल को निजी कॉर्पोरेट समूह को क्यों दिया जा रहा है । निर्णय वापस नहीं लेने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

#### भिकयू डायरेक्टर से मिला

भिलाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने सेक्टर नौ हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉक्टर विनीता द्विवेदी से मिलकर निजीकरण की सच्चाई पूछी व निजीकरण नहीं किए जाने की मांग की। डायरेक्टर ने बताया कि इस प्रकार के प्रपोजल पर चर्चा हुई है पर धरातल में इससे कार्यरूप दिया जाना आसान नहीं है । जिस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं आज हास्पिटल अपने कर्मचारियों को दे रहा है वह किसी भी प्राइवेट पार्टी द्वारा दिया जाना संभव नहीं है। उन्होंने माना की कुछ कमियां है जिनमें सुधार की आवश्यकता है। यूनियन के पदाधिकारियों ने आगाह किया यदि निजीकरण किया जाएगा तो हर स्तर पर इसका विरोध किया जाएगा। प्रबंधन भिलाई को रिसर्च सेंटर मानकर चलता है जहां है हमेशा अपनी मनमानी कर्मचारियों को ऊपर थोपता रहता है पर स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कटौती का भिलाई कर्मचारी पुरजोर विरोध करेंगे। अस्पताल प्रबंधन योग्य सीनियर डॉक्टरों की भर्ती करें जिससे रेफरल कम हो और बेहतर इलाज अस्पताल में उपलब्ध हो । चर्चा में यूनियन के अध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री अशोक माहौर, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय सहित श्रीनिवास मिश्रा तरूण सेमुअल, ओपी तीतरमारे, अरविंद पाण्डेय तथा विष्णु साहू शामिल थे।

स्वामी जी-93406-38884
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
11 जनवरी 2026 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रह्मपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
08 नवंबर, दिन शनिवार, समय - 10:30 बजे से 3:00 बजे तक
तसकर हेल्थ केयर, आर्य नगर, गंगोत्री हॉस्पिटल के सामने, देना बैंक के बाजू, दुर्ग
पेशाब एवं किडनी रोग
▶▶ क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
▶▶ बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
▶▶ रात में बार-बार पेशाब जाना
▶▶ पेशाब कपड़े पर लीकेज होना
▶▶ क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
• पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
• प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
• मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
• पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
यौन रोग
पेनिस में दाने (Balanitis) छाले, खुजली, चमड़ी ना खुलना
यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी, Erectile Dysfunction
क्या दवा लेने के बाद भी शुगर लेवल बढ़ा रहता है?
शुगर के कारण सुस्ती-कमजोरी-थकान, पाव के तलवों में जलन-झुनझुनी एवं दर्द का निदान
HB, कैल्शियम, यूरिक ऐसिड़, कोलेस्ट्रॉल एवं पेशाब की नि:शुल्क जांच
दवाईयों पर 20% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अनुशासन

## लाइव इवेंट

## दर्शन के लिए तीर्थयात्री का जत्था द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर रवाना



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग के 800 तीर्थयात्री बुधवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए दोपहर 12 बजे रवाना हुए। ट्रेन को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर गंतव्य को रवाना किया। इससे पूर्व विधायक कोर्सेवाड़ा एवं अन्य अतिथियों ने ट्रेन में यात्रियों से रू-ब-रू चर्चा कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

■ दुर्ग संभाग के 800 तीर्थयात्री द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर के लिए रवाना

यात्रा में कुल 800 तीर्थयात्री सम्मिलित हैं, जिसमें जिला दुर्ग से 459 तीर्थ यात्री, जिला बालोद से 189 तीर्थ यात्री, जिला बेमेतरा से 146 तीर्थ यात्री एवं समाज कल्याण संचालनालय छग से 6 यात्री सम्मिलित हैं। उक्त यात्रा में यात्रियों की देख-रेख हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, अनुरक्षक एवं स्वास्थ्य संबंधी रेख रेख हेतु चिकित्सक टीम (तीनों जिलों से) शामिल हैं। तीर्थयात्रियों में यात्रा के प्रति काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये। इस अवसर पर जिला एवं पुलिस प्रशासन, पर्यटन एवं रेलवे के अधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

## आइस्कान की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव यमला साहू का सम्मान



**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी सत्र (2025-28) संबद्ध सियान सदनों के प्रतिनिधियों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक सियान सदन, हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई में संपन्न हुई। बैठक में महासंघ एवं वरिष्ठ नागरिकों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में आल इंडिया सीनियर सिटीजन कान्फेडेरेशन (आइस्कान) की नव नियुक्त राष्ट्रीय संयुक्त सचिव यमला साहू एवं केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. वेदवती मंडावी विशेष रूप से आमंत्रित थे। उनका महासंघ की ओर शॉल एवं श्रीफल भेंटकर कर सम्मान किया गया। सभी ने उनकी नियुक्ति को छत्तीसगढ़ के लिए गौरवशाली एवं महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। देवांगन ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के आयोजन के उद्देश्य एवं एजेंडा की जानकारी दी। उन्होंने महासंघ की 27 जुलाई 2025 को संपन्न हुए आमसभा एवं नई प्रबंधकारिणी के चुनाव प्रक्रिया से लेकर वर्तमान स्थिति एवं गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से महासंघ के वर्तमान स्थिति पर सुझाव मांगा गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासंघ की प्रतिष्ठा को धुमिल करने, नई प्रबंधकारिणी को अभी तक चार्ज नहीं देने एवं असहयोग करने वाले पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ नोटिस भेजकर कड़ी अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी जाएगी। यमला साहू ने कहा कि भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की सक्रियता एवं रचनात्मक गतिविधियां सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महासंघ का उद्देश्य बुजुर्गों को खुशियां एवं शांति प्रदान करना है। बुजुर्गो को किसी भी प्रकार का टेंशन देना एवं उनकी परेशानियां बढ़ाना किसी भी रूप में उचित नहीं है। इस अवसर पर सियान सदन के अध्यक्ष डॉ. केएल विश्वकर्मा, नामदेव मोरे, एचआर बिसेन, दिनेश कुमार गुप्ता, धानेश्वर निर्मलकर, अर्चना मूले, दिनेश कुमार गुप्ता, शिवप्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, हुकुमचंद देवांगन, नामदेव राव मोरे, एचके बिसेन, दिनेश प्रसाद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

■ भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की बैठक में लिए गए अहम निर्णय



● पुरानी गंजमंडी में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन, अंतिम दिन विधायक कोर्सेवाड़ा पहुंचे

# पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कलाकारों की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ संस्कृति से सराबोर रहा राज्योत्सव, महिला उत्पादों को मिली सराहना

**जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन समारोह में प्रदेश के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने की। कोर्सेवाड़ा ने राज्योत्सव के रजत जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं नगरवासियों को बधाई एवं शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्ययोजना को प्रदेश में साकार करना है। प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों में काम कर रही है। राकेश पाण्डेय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने राज्य गठन पश्चात प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत अधोसंरचना के विकास पर प्रकाश डाला। तीन दिवसीय इस आयोजन में पारंपरिक वाद्य यंत्रों में कलाकारों की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रही। इसके अलावा संस्कृति की छटी बिखरी। महिलाओं के तैयार उत्पाद और सरकारी योजनाओं के स्टॉल ने लोगों को खूब लुभाया।**

**दुर्ग।** राज्योत्सव के समापन समारोह में अतिथियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुत्फ उठाया। इससे पूर्व अतिथियों ने विभागीय स्टालों का अवलोकन कर उपलब्धियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। पुरानी गंजमंडी में लगाए गए मेले जैसे इस कार्यक्रम को विभागीय प्रदर्शनियां आकर्षक बना दिया। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, जनमन पत्रिका तथा अन्य पुस्तिकाएं वितरित की जा रही हैं।

युवा और विद्यार्थी इन योजनाओं के प्रति गहरी रुचि दिखाई और जानकारी प्राप्त की। पंडवानी की सुंदर प्रस्तुति देखने को मिली। ओड़सिी नृत्य, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, सृष्टि बिश्वास द्वारा कत्थक, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ आदिवासी नृत्य, जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिससे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। खंजरी, मंजीरा , ढोलक जैसे वाद्ययंत्र के स्वर लहरियों के बीच दर्शक कलाकारों के साथ झूम उठे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर कलाकारों की लयबद्ध प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जोड़ दिया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने भी तीनों दिन नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की संस्कृति को जीवंत किया। विभिन्न स्टॉलों से लेकर सांस्कृतिक मंच तक हर जगह रौनक और उत्सव का माहौल बना रहा।







### मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांधा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव-2025 पर तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोककला और उत्सव की झलक देखने को मिली। संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, देशभक्ति गीतों और फिल्मी गीतो से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिसर तालियों और उत्साह की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अन्य शामिल हुए।

### विजेता प्रतिभागी और श्रेष्ठ कार्य करने वाले हुए सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों और श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय यह आयोजन पूरे जिले में चर्चा का विषय बना रहा। बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। सबसे अच्छी बात रही कि महिला उत्पादों को मार्केट मिला। जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंची। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा लगातार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य किया जा रहा है। लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ाने देने के उद्देश्य से शासन द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही है। स्टार्टअप, इन्टरप्रेन्योर, डिजिटल प्लेटफार्म पर भी काम किया जा रहा है।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर दर्शन के लिए भिलाई-दुर्ग के गुरुद्वारा में उमड़े श्रद्धालु

**दुर्ग।** सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के 556वां प्रकाश पर्व बुधवार को शहर में सिक्ख समाज द्वारा पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। जहां सुबह से गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन के लिए सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों की कतारें लगी रही।

अमृतसर से पधारे ज्ञानी जगदीप सिंह राजेवाल के जत्थे द्वारा भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देव जी के मानवता के संदेश को दोहराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, गुरदीप सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया, मनदीप सिंह भाटिया, बृजेन्द्र भारद्वाज के अलावा कांग्रेस-भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी दर्शन के लिए गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होने गुरुद्वारा में मत्था टेककर गुरुनानक देव जी से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। सिक्ख समाज के लोगों को गुरुनानक देव जी की प्रकाश पर्व की बधाई दी।



### रक्तदान शिविर का आयोजन, दोपहर बाद लंगर

दोपहर में गुरुद्वारा में गुरु के अटुट लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने लंगर ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में सेवाभावी कार्य भी किए गए। जिसके तहत आयोजित रक्तदान शिविर में सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का बड़ा संदेश दिया। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत ने भी गुरुनानक देव जी की प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई। इस अवसर पर स्टेशन रोड स्थित सिंधी धर्मशाला में महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे। गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के प्रधान महिंदर पाल सिंह, सचिव जीएस लांबा, हरमीत सिंह भाटिया, अरविंदर सिंह खुराना, दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह, सुखदेव सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## चेंबर का प्रतिनिधि मंडल मिला स्पीकर से, 8 को दिवाली मिलन



**दुर्ग।** चेंबर ऑफ कामर्स का दिवाली मिलन समारोह 8 नवंबर को आयोजित है। इसे लेकर प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.. रमन सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रित किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं दीपावली मिलन का कार्यक्रम आनंद रिसॉर्ट, पुलगांव, दुर्ग में आयोजित होने जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ने सहजता से स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति हेतु सहमति प्रदान की। समय व स्वीकृति प्रदान करने के लिए चेंबर की पूरी टीम ने डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी, प्रदेश सलाहकार संजय रूंगटा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव चंद्राकर, जिलाध्यक्ष अनूप गटागट, प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा, जवाहर जैन चेयरमैन किशोर जैन, जिला उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पोषण साहू, आशीष सक्सेरिया विपुल साहू उपस्थित रहे।

उल्लास नाम से लगाए गए स्टॉल में शिक्षा विभाग के 25 सालों को किया गया रेखांकित

# शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी को मिली सराहना, 1200 विद्यार्थियों ने एयर शो देखा लाइव, मिली प्रंशसा

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह में दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी भी लगी। इस प्रदर्शनी में उल्लास नाम से स्टॉल लगाया गया था। जिसमें शिक्षा विभाग के 25 सालों का सफर को रेखांकित किया गया था। स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम में और तेजी आई है। खास बात यह रही कि दुर्ग जिले के 1200 विद्यार्थियों ने यहां एयर शो का लाइव भी देखा।



### नई पीढ़ी, नया लक्ष्य: शिक्षा का नया आयाम

समारोह में शिक्षा विभाग के स्टॉल में नई पीढ़ी नया लक्ष्य, शिक्षा का नया अध्याय के माध्यम से शिक्षा संबंधी विविध जानकारी प्रदान की गई। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से निःशुल्क नीट व एनडीए कोचिंग, गणितीय पिटारा, पुराने कच्चे स्कूलों में नए भवन का निर्माण, हर स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय की सुविधाएं सुनिश्चित होने जैसी जानकारी दी गई। शिक्षकों को डिजीटल प्रशिक्षण मिला।सभी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम और डिजिटल बोर्ड लगाए गए हैं। खेल मैदान, पुस्तकालय और प्रयोगशाला का विस्तार हुआ है। समग्र शिक्षा से विद्यालयों की संख्या बढ़ी है। कोविड कॉल के बाद हाइब्रिड लर्निंग मॉडल अपनाया गया। जो ऑफ व आनलाइन दोनों था। दूरस्थ गांव में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय खोले गए। छात्राओं की दर्ज संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।



### जिले में 17 पीएम श्री स्कूलों में सुविधाएं जुटाई

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत दुर्ग जिले में 17 पीएम श्री स्कूलों में सुविधाएं जुटाई गई है। प्रायोगिक अधिगम को बढ़ावा दिया गया।दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई गई। जिससे वे शिक्षा की मूल धारा से जुड़े। बाल सुरक्षा के उपाय हुए। व्यवसायिक शिक्षा और जीवन कौशल विद्यार्थियों ने अपनाया है। सीखने के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया गया। शिक्षा में नवाचार के लिए विभिन्न प्रयोग हुए। विद्यार्थियों की सतत प्रगति के लिए डिटीजल ट्रैकिंग का तरीका अपनाया। जल संचय की दिशा में कार्य किए। वृक्षारोपण व स्वच्छता पर विभिन्न कार्यक्रम चले। एक पेड़ मां के नाम अभियान स्कूलों में चला। सरस्वती साइकिल योजना, छात्रवृत्ति से लेकर अन्य शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया है। इन प्रदर्शनियों को सराहा गया।

## सिटी इवेंट

### हर व्यक्ति पौधा लगाकर हरियर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने आगे आए : डॉ. पाणिग्राही



**दुर्ग।** पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश पांच दिवसीय रजत जयंती पर्व अत्यंत ही गौरव के साथ मना रहा हैं। 1 नवंबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन के पश्चात पूरे प्रदेश में 5 दिवसीय राज्योत्सव प्रारंभ हो गए। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों से लेकर राजधानी नया रायपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर इसे ऐतिहासिक बनाया जा रहा है । गौरतलब है कि 1नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई । प्रदेश की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम रजत जयंती राज्योत्सव मना रहे हैं । स्थापना के 25 वें वर्ष को यादगार बनाने 25 पौधों का रोपण डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही पर्यावरण प्रेमी, अध्यक्ष ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा नगर वन मेमोरियल गार्डन बायोडायवर्सिटी पार्क दुर्ग में किया गया। सिंदूर का पौधा पहले लगाकर बादाम, चार, पारस पीपल, कचनार, अमरूद, सीताफल आदि पौधे रोपित कर रहे हैं। हर छत्तीसगढ़िया को पौधारोप , संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाकर हरियर छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने डॉ पाणिग्राही ने आव्हान किया। स्वीकृति एवं पौधे निशुल्क प्रदान करने हेतु वन मंडलाधिकारी दीपेश कपिल का एवं पौधरोपण में सहयोग करने के लिए मैदानी स्तर पर राजेश प्रजापति, दिना, राकेश एवं गोलू यादव का अमुजूरी विश्वनाथ ग्रीन केयर सोसायटी ने आभार संप्रेषित किया ।

- छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती पर्व पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में 25 पौधे रोपित कर बनाया यादगार

## धर्म लाइव

### गुरुनानक जयंती पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुद्वारा में टेका मत्था



**दुर्ग।** गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव संतराबाड़ी स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। उन्होंने वहां मत्था टेककर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और समस्त जनमानस के कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके उपदेश आज भी समाज को एकता और मानवता का संदेश देते हैं। गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कीर्तन, भजन और लंगर सेवा के माध्यम से प्रकाश पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया। मंत्री यादव ने गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों से भेंट कर उन्हें इस पावन अवसर की शुभकामनाएं दीं और सिख समाज द्वारा जनसेवा एवं समाजहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, गुरदर्शन सिंह, मोहेन्दर सिंह सहित सिख समाज के प्रमुखजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### व्यवहार न्यायालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का चलाया गया अभियान



**भिलाई।** छत्तीससगढ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा राज्य भर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और न्यायिक प्रशासन के उन्नयन हेतु किए जा रहे प्रयासों से प्रेरित होकर व्यवहार न्यायालय भिलाई 3 के कर्मचारियों ने एक महत्वपूर्ण पहल की। कर्मचारियों ने स्वप्रेरणा और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ किया। पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के हानिकारक उपयोग को समाप्त करना और न्यायालय परिसर को एक स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ कार्य स्थल बनाना है। अभियान के दौरान न्यायालय परिसर में सभी अधिवक्तओं पक्षकारों को विशेष रूप से प्लास्टिक के एक बार उपयोग सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले गंभीर पर्यावरणीय खतरो के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी हितधारको से प्लास्टिक के थैलो, कपों, पानी की बोतलो और पैकिग सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करने की भवनात्मक अपील की गई। उन्हें कपड़े के थैलो, स्टील या कॉच के बर्तनों और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकलपों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। न्यायालय के कर्मचारियों ने परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और इस पहल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। इस अभियान में न्यायिक कर्मचारी नोहर सिंह देवांगन, विकास कुमार सोनी, खुशबू देवांगन, संजयधर दीवान, अशोक कुमार पटेल, हेमनंदनी सिन्हा, पूजा कन्नौजे, त्रिलोक साहू, रेणुका, रवि रंगारी पुरुषोत्तम लाल सेन कैलाशपति पाण्डे निशा रायजादा एवं अन्य कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 2 नवंबर से चल रहे चार दिवसीय आयोजन में रायपुर के भी भक्त हुए शामिल

# भगवान संभवनाथ की निकली शोभायात्रा, णमोकार महामंत्र सिद्ध चक्र पूजन और विश्व शांति हवन के बाद उत्सव का समापन

**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन में भगवान संभावनाथ, अजीत नाथ, पार्श्वनाथ और शांतिनाथ का मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। शांति धारा का धर्म लाभ सोधर्म इंद्र ज्ञानचंद, मनीष, सोमेश बाकलीवाल, प्रशांत जैन, अशोक गोयल, अरुण बाकलीवाल, डॉ. अंशुल जैन, कमल जैन, प्रदीप जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन आदि ने साध्वी दुर्लभमति के अमृत वचनों में शांति धारा मंत्र के साथ तीर्थंकर भगवान का अभिषेक किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान के हवन क्रिया संपन्न कराई। महासभा के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि आयोजन में दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर के सभी जैन मंदिरों के भक्तगण हजारों की संख्या में त्रिवेणी जैन तीर्थ पहुंचे। इस अवसर पर भगवान की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। भगवान शांतिनाथ, पार्श्वनाथ के मंगल अभिषेक पूजन का धर्म लाभ लेते हुए विधान मंडप में श्रीफल अर्पण किया गया। विधान पूजन के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान महावीर के चालीसा पर बहुत ही सुंदर नृत्य और नाटिका की प्रस्तुति दी। जैन मुनि के बाल रूप के साथ भव्य नृत्य किया। अमृत वचनों से विश्व शांति हवन पूजन और आरती की गई। संभवनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा को दिव्य रथ में विराजमान करते हुए पांच पालकी रथ निकाला गया। शोभा यात्रा जैन भवन सेक्टर 6 से बेरोजगार चौक होते हुए बैंड बाजा के साथ णमोकार महामंत्र के जाप के साथ सिविक सेंटर ग्लोब चौक से गायत्री मंदिर रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर भक्तों ने सामाजिक प्रतिनिधियों ने स्वागत किया।





### विधान के समापन के बाद घरों में ध्वज और कलश की स्थापना





भगवान संभवनाथ, शांतिनाथ और अजीत नाथ के अभिषेक और शांति धारा के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन का समापन हुआ। इस विधान पूजन में मंगल कलश धारण करने वाले और ध्वजा प्राप्त करने वाले सभी भक्तों ने विधान के समापन पर अपने-अपने निवास में जैन ध्वज और कलश की स्थापना के लिए मंगल आशीर्वाद लिया। आपस में एक दूसरे से क्षमा याचना मांगते हुए आयोजन समाप्ति की घोषणा की गई। साध्वी श्री ने कहा कि यह अपने आप में एक अद्भुत धार्मिक आयोजन था। आप सभी इसी तरह जैन धर्म की शिक्षा संस्कार के साथ सभी आचार्य और साधु-संतों की मुनि सेवा करते हुए अपने जीवन को आत्मसात करें। अहिंसा और संयम के साथ अपने जीवन का आत्म कल्याण करते रहें। सभी से भाईचारा के साथ आपस में रहें, हमारा जैन धर्म यही सिखलाता है।

### आयोजन को लेकर सामाजिक बंधुओं में दिखा उत्साह

इस आयोजन को लेकर सामाजिक बंधुओं में खासा उत्साह देखा गया। दुर्ग-भिलाई के लगभग सभी जैन मंदिरों से प्रतिनिधियों ने आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और भी कराए जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भागचंद जैन, अनुपम जैन, महावीर प्रकाश जैन, संजय बोहरा, अरविंद जैन, दिनेश जैन, दीपक जैन सहित अन्य मौजूद थे। विधान पूजन के बाद प्रसाद वितरण हुआ। सभी आयोजकों और कार्यकर्ताओं को इस आयोजन में सहयोग के लिए समिति के ज्ञानोदय तीर्थ के अध्यक्ष ज्ञानचंद, रश्मि बाकलीवाल और मंत्री प्रशांत जैन ने आभार व्यक्त किया।

## कामधेनु यूनिवर्सिटी में गर्भाधान प्रशिक्षण शिविर

# मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान की पूरी प्रक्रिया को समझना आवश्यक, दी गई ट्रेनिंग



**दुर्ग।** कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के घटक स्ट्रेन्दनिंग एग्ज़सिटिंग एआई सेंटर्स के उपघटक रिफ्रेशर ट्रेनिंग ऑफ अदर एग्ज़सिटिंग एआई वर्कर्स के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का पांच दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान रिफ्रेशर प्रशिक्षण वेटरनरी कॉलेज अंजोरा में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी कुल 47 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में गायें एवं भैंसों के साथ-साथ बकरी में भी कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कृत्रिम गर्भाधान की नवीन तकनीक, बीज संग्रहण एवं संरक्षण तथा सफल निषेचन की उन्नत विधियों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डीन डॉ. संजय शाक्य, कुलसचिव डॉ. भानूप्रताप राठिया, डॉ. एमके गेंदले, डॉ. एसएल अली, नोडल अधिकारी मैत्री प्रशिक्षण डॉ. एमके अवस्थी, डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ.अमित कुमार गुप्ता, अर्चना खोब्रागढ़े प्रमुख रूप से मौजूद थे। डॉ.संजय शाक्य ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समय के साथ - साथ तकनीकी ज्ञान को अद्यतन बनाए रखना है। कृत्रिम गर्भाधान न केवल नस्ल सुधार का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह दुग्ध उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का सशक्त उपाय भी है। उचित प्रशिक्षण, जागरूकता एवं सरकारी मदद से इस तकनीक द्वारा ग्रामीण भारत में पशुपालन क्षेत्र को नई दिशा दी जा सकती है। डॉ. एमके अवस्थी ने गर्भाधान की तैयारी, उचित परिचालन क्रियाविधि, तरल नत्रजन, कंटेनर का उपयोग एवं प्रबंधन, हिमीकृत वीर्य का रख-रखाव, कृत्रिम गर्भाधान से जुड़ी पशुओं में आसमानताऐं एवं गर्भ परीक्षण, मादा जननांग तथा कृत्रिम गर्भाधान को सफल बनाने के कारक जैसे उचित पोषण प्रबंधन, स्वास्थ्य प्रबंधन एवं आवास प्रबंधन की जानकारी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षणार्थियों को दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें अपने अपने क्षेत्रों में अधिक प्रभावी कृत्रिम गर्भाधान सेवायें देने हेतु सक्षम बनाया गया।

## शहर का बढ़ाया मान

### स्कूल के दिनों में देखे सपने हुए साकार, 3 सहपाठी छात्राओं ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा







**दुर्ग।** मेधावी छात्रा सोनम जैन, विधि धेलारिया व ख्याति बाकलीवाल ने सीएम की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और समाज का नाम रौशन किया है। छात्रा सोनम जैन दुर्ग पुलगांव नाका के प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिवार मेसर्स ताराचंद रमेश कुमार जैन के संचालक शांतिलाल जैन की पौत्री एवं स्व. रोशन कुमार जैन की सुपुत्री हैं। सोनम जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है।

इस परीक्षा में उनकी स्कूल की सहपाठी विधि धेलारिया पिता महावीर धेलारिया एवं ख्याति पिता नीरज बाकलीवाल ने भी उत्तम परिणाम प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन से अपने-अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। तीनों सहपाठी छात्राओं ने एक-दूसरे का सहयोग कर और अटूट आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। विद्यालय के दिनों में उन्होने साथ बैठकर जो सपने देखे थे, वो आज साकार हुए है। उनकी यह उपलब्धि न केवल परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि सम्पूर्ण समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। तीनों सहपाठी छात्राओं के सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं फार्मेसी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

कार्नर न्यूज

# सीएसवीटीयू एकीकृत राज्यस्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अनुशासन, कौशल व आत्मरक्षा की अद्भुत क्षमता, सम्मान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई द्वारा आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विश्वेश्वरैया भवन में किया गया। इस रोमांचक और ऊर्जा से भरपूर मुकाबले में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं फार्मेसी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के अलावा छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ से संबद्ध प्रशिक्षकों एवं स्कूल के नन्हे खिलाड़ियों ने विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए ताइक्वांडो की डेमो मैच प्रदर्शन में विभिन्न तकनीकों, जैसे किकिंग कॉम्बिनेशन, स्पैरिंग और पूमसे का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



### ताईक्वांडो मानसिक दृढ़ता का प्रतीक : डॉ. वर्मा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय अकादमी विभाग की प्रभारी अधिकारी डॉ. दीप्ति वर्मा रही ने कहा "ताइक्वांडो केवल आत्मरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलसीआईटी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक कोमल तिवारी ने की। अतिविशिष्ट अतिथि शास.पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग की सहायक प्राध्यापक इशिता साहू रही।

### इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

समापन सत्र में विश्वविद्यालय चयन समिति ने आगामी अखिल भारतीय एवं पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन किया, जिनमें 42 किग्रा. प्रिति शर्मा रूंगटा 2 भिलाई, 48किग्रा. श्रेया सिन्हा जीपी दुर्ग, 51 किग्रा पल्लवी पाटले एलसीआईटी बिलासपुर,57 किग्रा चातिका निर्मलकर यूटीडी सीएसवीटीयू, 59 किग्रा नामिका देशमुख जीपी दुर्ग, 70किग्रा. बी. दिव्या सीसीईटी भिलाई, 56 किग्रा निलेश जीपी दुर्ग,63 किग्रा आयुष तिवारी बीआईटी दुर्ग, 64 किग्रा. रौशन कुमार बेहरा तिवारी आरसीईटी भिलाई,69 किग्रा. रौनक कुमार बेहरा तिवारी आरसीईटी भिलाई, 74 किग्रा इंद्रजीत सिंह सीसीईटी भिलाई को चुना गया है।

### इन खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही सहा. प्राध्यापक कोमल तिवारी, सहा. प्राध्यापक डॉ. आरजी ब्रजेश, वरि.खेल अधिकारीकोंडल राव एवं विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने पदक और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महिला वर्ग में स्वर्ण पदक 42 किग्रा. प्रिति शर्मा रूंगटा 2 भिलाई, 48किग्रा. श्रेया सिन्हा जीपी दुर्ग, 51 किग्रा पल्लवी पाटले एलसीआईटी बिलासपुर,57 किग्रा चातिका निर्मलकर यूटीडी सीएसवीटीयू,59 किग्रा नामिका देशमुख जीपी दुर्ग, 70किग्रा. बी. दिव्या सीसीईटी भिलाई। रजत पदक 44किग्रा तृप्ति निर्मलकर यूटीडी सीएसवीटीयू। पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक 56 किग्रा निलेश जीपी दुर्ग,63 किग्रा आयुष तिवारी बीआईटी दुर्ग, 64 किग्रा. रौशन कुमार बेहरा तिवारी आरसीईटी भिलाई,69 किग्रा. रौनक कुमार बेहरा तिवारी आरसीईटी भिलाई, 74 किग्रा इंद्रजीत सिंह सीसीईटी भिलाई। रजत पदक 63 किग्रा सचिव दुबे सीआईपीईटी रायपुर। **प्रतियोगिता में निभाई जिम्मेदारी** : कार्यक्रम में यूटीडी से सहा.प्राध्यापक शेषनारायण साहू, डॉ. आरजी ब्रजेश, डॉ. मनीष सिन्हा, किंसुक वर्मा, योगेश वर्मा व सीसीईटी भिलाई सहा.प्राध्यापक विनय कुमार रहे। विश्वविद्यालय टीम चयनकर्ता कोच द्वय प्रमोद कुमार तिवारी कुमार एवं सुश्री शिवानी, तथा पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव उपस्थित रहे। अंपायर एवं रेफरी मंडल में संतोष जंघेल, अनिल देवांगन, शुभम साहु, डोमनिक व वंदना साहू शामिल रहे। आयोजन की जिम्मेदारी आयोजन सचिव एवं विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने निभाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी, दुर्ग और जांजगीर चाम्पा ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को कवर्धा, धमतरी और भिलाई में मैच हुए। धमतरी में टीम बीएसपी ने बस्तर के विरुद्ध 136 रन से मैच जीता। बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम ने 9 विकेट पर 218 रन बनाए। जिसमें शौर्य चंदोला ने 67 रन, मोहम्मद वासी हुसैन ने 32 रन, कृतार्थ द्विवेदी ने 27 रन और परवेज अली ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में बस्तर के मोहित शर्मा ने 4 विकेट और यश कश्यप ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में बस्तर टीम 82 रन पर आउट हुई। जिसमें के अग्रवाल ने 26 और विजय कर्मा ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के कृतार्थ द्विवेदी ने 5 विकेट और राजवीर राजपूत ने दो विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुए मैच में टीम दुर्ग ने नारायणपुर के विरुद्ध 110 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम 216 रन पर आउट हुई। इनमें अमिताभ सिंह ने 108 रन बनाए। गेंदबाजी में नारायणपुर के आयुष यादव, नमन सिंह, चिराग नाग, अनस कुरैशी एवं प्रियांश मानिकपुरी ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में नारायणपुर टीम 106 रन पर आउट हुई। आदित्य श्रीवास्तव ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के अनंत ठाकुर ने 4 विकेट और दक्ष देवांगन ने 2 विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 भिलाई में हुए मैच में टीम कोरबा को सरगुजा ने पांच विकेट से हराया। बल्लेबाजी में कोरबा टीम 97 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में सरगुजा ने 5 विकेट पर 99 रन बनाए। वहीं कवर्धा में हुए मैच में टीम बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध जांजगीर चांपा ने 37 रन से मैच जीत लिया। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने 6 विकेट पर 226 रन बनाए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ब्लू टीम 189 रन पर आउट हुई।

### कुश्ती में आकाश ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** भिलाई के सेक्टर-3 में आयोजित सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में ग्राम नारा निवासी युवा पहलवान आकाश चंद्राकर ने 125 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अपने दमदार दांव-पेच और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर आकाश ने न केवल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि अहमदाबाद में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए भी चयनित होकर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है। गोल्ड जीत की खबर मिलते ही ग्राम गुजरा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों ने आकाश को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच चिरंजीवी साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आकाश चंद्राकर नियमित रूप से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। उनका यह प्रदर्शन न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गर्व की बात है। आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और ग्रामवासियों के सहयोग को देते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का नाम ऊँचा करने का पूरा प्रयास करेंगे।

### नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में चयनित हुए वेहद



**रायपुर।** कांगेर वैली अकादमी में कक्षा तीसरी के छात्र वेहद अग्रवाल का चयन सी.बी.एस.ई नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में हुआ है। यह प्रतियोगिता एच.एस.वी.जी ग्लोबल स्कूल गुरुग्राम (हरियाणा) में 13 से 16 नवम्बर तक आयोजित है। यह जानकारी कांगेर वैली अकादमी के स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर मोहम्मद इमरान ने दी।

### राज्य स्तरीय फिन स्विमिंग में वेदा ने जीते 2 स्वर्ण सहित 3 मेडल

**रायपुर।** पांचवी राज्य स्तरीय फिन स्विमिंग



प्रतियोगिता राजधानी के तरणताल में आयोजित की गई। जिसमे शहर के कांगेर वैली स्कूल की खिलाड़ी वेदा फ्री स्टाइल स्विमिंग कम्पटीशन में भाग लेते हुए 2 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब हुई। आगामी फिन स्विमिंग के नेशनल इवेंट में भी वेदा ने क्वालीफाई कर लिया है।

पेट का बढ़ता घेरा चेतावनी है आपके स्वास्थ्य को लेकर , चिकित्सक से जरूर लें परामर्श

# बढ़ती तोंद इशारा कर रही है कि आप गंभीर शारीरिक समस्याओं के शिकार हो रहे, तुरंत अपनाएं सावधानी

पेट पर बढ़ती चर्बी बहुत आम समस्या है, युवा हों या वयस्क सभी इसका शिकार देखे जा रहे हैं। यह समस्या जरूर आम है लेकिन इसे हल्के में लेने की भूल न करें, अध्ययनों में बढ़े हुए वजन विशेषतौर पर पेट पर जमा चर्बी (बेली फैट) को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना गया है। अगर समय रहते इसे कंट्रोल करने के लिए जरूरी उपाय न किए जाएं तो भविष्य में कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा भी हो सकता है।

पेट पर चर्बी किन कारणों से बढ़ रही है इसे समझना भी बहुत जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खराब खान-पान, व्यायाम की कमी और तनाव जैसी स्थितियां मोटापा और बेली फैट का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा डॉक्टर इसे कुछ अंतर्निहित और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत के तौर पर भी देखते हैं। क्या आप भी तोंद निकलने यानी बेली फैट की समस्या से परेशान हैं? आइए जानते हैं कि यह समस्या किन कारणों से हो सकती है?

### बेली फैट बढ़ने की समस्या

अधिक वजन या पेट पर जमा अतिरिक्त चर्बी से छुटकारा पाना




कई लोगों के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य हो सकता है। आप आहार में सुधार और व्यायाम जैसे उपायों की मदद से इसमें लाभ भी पा सकते हैं, पर इस समस्या के पीछे क्या कारण है इसे समझना भी जरूरी है। कुछ मामलों में शरीर में बढ़ रही किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपका पेट बढ़ने लग सकता है। ऐसे में समय रहते समस्या का सही पहचान करना और इसका निवारण जरूरी हो जाता है।

### कहीं आप पूरे दिन बैठे तो नहीं रहते?

गतिहीन जीवनशैली का स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक असर होता है, यह मोटापा और बेली फैट बढ़ाने के लिए भी जिम्मेदार मानी जाती है। पूरे दिन या लंबे समय तक बैठे रहना जैसे, टीवी देखना, ऑफिस में काम करना या अक्सर लंबी यात्राएं करना भी बेली फैट के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। लंबे समय तक बैठे रहने से न सिर्फ मोटापा बल्कि डायबिटीज और हार्ट की समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है।

### तनाव तो नहीं लेते हैं आप?



तनाव की स्थिति मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है, पर क्या आप जानते हैं कि इसका शरीर की सेहत विशेषतौर पर वजन पर भी असर हो सकता है? असल में तनाव की स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल नामक एक स्टेरॉयड हार्मोन रिलीज होता है, ये तनाव को नियंत्रित करने के लिए जरूरी है। हालांकि अगर आप अक्सर तनावग्रस्त रहते हैं तो कोर्टिसोल के दुष्प्रभावों के कारण वजन या बेली फैट बढ़ने का खतरा रहता है।

### नींद पूरी न होने का समस्या

शोध से पता चलता है कि जिन लोगों को कम नींद



आती है या अनिद्रा जैसी समस्या होती है उनके शरीर में फैट बढ़ने का जोखिम अधिक देखा जाता है। नींद कम आने से भूख पर भी असर होता है, आप ज्यादा खाते हैं जिससे वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा नींद पूरी न होने से शरीर में रसायनिक असंतुलन होने लगता है जिसके कारण भी बेली फैट बढ़ने की समस्या देखी जाती रही है।

### खान-पान में गड़बड़ी तो नहीं?

अगर आपके खान-पान में गड़बड़ी है तो इसके कारण भी आपको वजन बढ़ने या पेट पर चर्बी जमने की समस्या हो सकती है। विशेषतौर पर चीनी का अधिक सेवन, कोल्ड ड्रिंक्स और अन्य मीठे पेय के कारण वजन बढ़ने की समस्या देखी जाती है। फलों के पैक्ड जूस को हाल के कई अध्ययनों में मोटापा सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार बताया गया है।




## टेबल टेनिस टीम मुकाबले में रायपुर को सर्वाधिक 10 खिताब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से चार दिवसीय 23 वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता- सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में 4 नवंबर से जारी है। प्रतियोगिता में पहले दिन टीम वर्ग (सीनियर पुरूष एवं महिला/यूथ-19/जूनियर-17/ सब जूनियर-15/ कैडेट-13/होप्स-11 बालक एवम बालिका) के मुकाबले हुए।

टीम वर्ग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा जी थे। अध्यक्षता हीरा ग्रुप के डायरेक्टर विनोद पिल्लई ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं प्रदीप जोशी उपस्थित थे।

■ 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जारी

प्रतियोगिता के टीम मुकाबले में कुल 12 टीम वर्गों में से रायपुर ने सर्वाधिक 10 खिताब जीता एवं बिलासपुर ने 2 खिताब जीता। प्रतियोगिता में कल खेले गये टीम वर्गों के अन्य सभी फायनल मैच के में सीनियर पुरूष वर्ग में विजेता- रायपुर उपविजेता- दुर्ग 3-0 सीनियर महिला वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-2 यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- बिलासपुर 3-1 यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्गः विजेता-रायपुर उपविजेता- दुर्ग 3-1 यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक,विजेता बिलासपुर उपविजेता-रायपुर 3-2 यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता- दुर्ग 3-0 यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग विजेता- रायपुर उपविजेता - बिलासपुर 3-0 प्रतियोगिता में आज यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एवं बालिका एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर के फायनल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए सेमीफायनल मैचों में यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्गः- सेमीफायनल - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने यशवंत डेकाटे (रायपुर) को 3-1 तथा एंड्रयू टी विलियम्स (रायपुर) ने दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) को 3 -2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर- 19 (यूथ) बालिका वर्ग सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) ने वेदी कछवाहा (रायपुर) को 3-0 तथा प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) ने लावण्या पांडे (रायपुर) को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर) ने कवीश काला (रायपुर) को 3-0 तथा युवराज बंजारे (बिलासपुर) ने तेजस जादवानी (रायपुर) को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग सेमीफायनल समाया पांडे (रायपुर) ने वेदी कछवाहा (रायपुर) को 3-0 तथा सिया मेघानी (बिलासपुर) ने अक्षिता बीनू (बिलासपुर) को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 7 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया ने किया था। श्री सिसोदिया ने प्रतियोगिता का उदघाटन खेलकर किया तथा संघ के लगातार आयोजनों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए टेबल टेनिस हाल में बुनियादी सुविधाओं हेतु हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, अजीत बेनर्जी और पी.एन. मजूमदार हैं।




## पाचंवीं राज्य स्तरीय रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता 9 से



**भिलाई।** 5वीं राज्यस्तरीय रोड रेस साइक्लिंग प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 9 एवं 10 नवंबर को पाटन जिला दुर्ग में होगी। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र एवं मुख्य संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ होंगे। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि प्रतियोगिता में यूथ बालक व बालिका (12 से 14 वर्ष), सब जूनियर बालक व बालिका (15 एवं 16 वर्ष), जूनियर बालक व बालिका (17 व 18 वर्ष) तथा सीनियर पुरुष एवं महिला (19 से 40 वर्ष) आयु वर्ग के लिए टाइम ट्रायल एवं रोड रेस (मास स्टार्ट) इवेंट आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश निःशुल्क है तथा राइडर लाइसेंस फॉर्म सहित 300 प्रति खिलाड़ी के साथ 6 नवंबर तक पंजीयन किया जाएगा, 6 नवंबर के पश्चात किसी प्रकार से प्रवेश स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। प्रतियोगिता में साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के तहत पंजीयन होगा। साथ ही साइकिलिंग हेलमेट अनिवार्य होगा किंतु मानक साइकिल की बाध्यता नहीं होंगी। खिलाड़ी किसी भी प्रकार की साइकिल (इंडियन मेड) का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता हेतु पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रातः 6 बजे स्टार्ट प्वाइंट ( विश्राम गृह के पास, पाटन) में उपस्थिति दे कर चेस्ट नम्बर प्राप्त करना होगा। प्रतियोगिता उपरांत पुरस्कार एवं समापन समारोह स्वामी आत्मानंद सभागार पाटन में होगा। प्रतियोगिता में वर्गवार चयनित खिलाड़ी दिनांक 2 से 6 दिसंबर तक संबलपुर उड़ीसा में आयोजित 30वीं राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

■ पंजीयन के लिए आज तक मौका

## फ्रिज में रखे-रखे सख्त हो जाता है अनार, तो इन ट्रिक्स से उतारें छिलके

अगर अनार को कुछ दिन फ्रिज में रखा जाए, तो इसके छिलके सूखकर सख्त हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें छिलना बहुत ही मुश्किल हो जाता है, ऐसे में अगर आप चाहते हैं कि इसके छिलके आसानी से उतर जाएं तो कुछ टिप्स अपना सकती हैं।

### अनार को पानी में डुबोकर छीलें

अगर अनार का छिलका सख्त हो गया है, तो बेहतर होगा इसे आप पानी में डुबोकर छीलें। ऐसा करने से छिलका थोड़ा मुलायम हो जाएगा और बहुत ही आसानी से छिलका उतर भी जाएगा। इसके लिए सबसे पहले अनार को दो हिस्सों में काटें और एक बड़े बाउल में ठंडा पानी भरकर अनार के टुकड़े डालें। अब पानी के अंदर ही अनार के दानों को धीरे-धीरे निकालें। पानी में छिलके ऊपर आ जाएंगे और दाने नीचे बैठ जाएंगे। इस तरीके से छिलके आसानी से अलग हो जाते हैं और अनार का रस भी बर्बाद नहीं होता।



### अनार को माइक्रोवेव में हल्का गर्म करें

यह सुनने में थोड़ा अजीब लग सकता है। मगर ऐसा करना आपके लिए मददगार हो सकता है। वैसे ही गरमाहट चीजों को मुलायम करती है। ऐसे में अगर फ्रिज में रखने से अनार सख्त हो गया है, तो इसे हल्का गर्म करके छील सकते हैं। अनार को माइक्रोवेव में 20-30 सेकंड के लिए गर्म करें। इससे छिलका नरम हो जाएगा और छिलकेउतारना आसान हो जाएगा। इसके बाद आप अनार को आधा काटकर दाने निकाल सकते हैं।

### सिरके के पानी में डालना है बेहतर

अगर अनार जरूरत से ज्यादा सूख गया है और चाकू की मदद से भी नहीं कट रहा है, तो सिरका काम आ सकता है। इस टिप को अपनाने के लिए आपको जरूरत पड़ेगी एक बाउल, पानी और अनार की।

कार्नर न्यूज

रिश्तों में जान फूंकनी है तो उठाने होंगे कुछ जरूरी कदम

# पार्टनर के साथ रिश्ते को मजबूत बनाना है तो अपनाएं 2-2-2 रूल, जिंदगी हो जाएगी खुशहाल

किसी भी रिश्ते की नींव प्यार और विश्वास पर टिकी होती है। लेकिन सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। अक्सर आपने देखा होगा कि आप और आपका पार्टनर दोनों ही ईमानदार है, लेकिन एक वक्त के बात रिश्ता पुराना होने लगता है। दोनों के बीच का स्पार्क खत्म होने लगता है। कई बार इस वजह से भी ब्रेकअप हो जाता है,लोगों को लगता है कि अब बोरियत हो रही है। लोग जीवन में कुछ नयापन ढूंढने लगते हैं। आप समझ रहे होंगे हमारा इशारा किस तरफ है। खैर...आपके पार्टनर के साथ आपका रिश्ता इस फेज पर नहीं पहुंचेगा अगर आप 2-2-2 रूल को फॉलो कर लेंगे। आइए जानते हैं क्या है यह 2-2-2 रूल

### क्या है यह 2-2-2 रूल?

2-2-2 रूल कोई रॉकेट साइंस नहीं है बल्कि बहुत ही सिंपल सा फार्मूला है। यह उन लोगों के लिए जो लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं, जिनका शेड्यूल काफी टाइट है जो वर्किंग कपल हैं, वह इस यूनिक फॉर्मूले से अपने रिश्ते को नयापन दे सकते हैं।



### रिश्ते को कैसे मजबूत करता है 2-2-2 रूल?

2 हफ्तों के अंदर एक डेट नाइट प्लान करना, यह आप या आपका पार्टनर कोई भी कर सकता है, जरूरी नहीं है हमेशा लड़कों से ही ऐसी उम्मीद लगाई जाए।

2 महीने के अंदर एक वीकेंड साथ में बिताना। ताकि आप अपने गले शिकवे को दूर कर सकें। क्वालिटी टाइम में अपने दिल की बात कह सकें, उन्हें बताएं कि आप उनके साथ लॉयल हैं, उनके साथ ही रहना चाहते हैं।

2 साल के अंदर -अंदर एक पूरा हफ्ता कहीं बाहर घूमने जाएं चाहे वह देश हो या विदेश हो.. यह रिश्ते में रंग भरने और एक दूसरे को और करीब लाने की कोशिश करेगा। काम के चलते जो गलतफहमियां हुई होंगी वो दूर होगी। यह रूल सभी कपल्स पर लागू होता है लेकिन जो लोग लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में हैं उनके रिश्ते में जान भर देता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## महीनों पहले हुई इस फिल्म निर्माता की मौत, अब जाकर हुआ खुलासा



एक खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया जा रहा है कि इस साल के शुरू में ही एक फिल्म निर्माता का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनकी मौत की खबर अब महीनों बाद दर्शकों के बीच आई है। रिपोर्ट्स से पता चला कि उनका अंतिम संस्कार बिना किसी परिवार या रिश्तेदारों की उपस्थिति में ही किया गया था। जी हां, वो फिल्म निर्माता कोई और नहीं, बल्कि कोरियन इंडस्ट्री के शिन सुंग-हून थे। ओएसईएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिन का मई में निधन हो गया था। चूंकि उनके किसी रिश्तेदार की पहचान नहीं हो पाई थी, इसलिए उनका अंतिम संस्कार बिना किसी रिश्तेदार के ही कर दिया गया। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, और न ही किसी पूर्व स्वास्थ्य समस्या की सूचना मिली, जिससे उनकी अचानक मृत्यु से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। फिल्म निर्माता शिन सुंग हून, जिन्होंने पहली बार एक गायक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। 2022 में उन्हें 'ज्ञामजा-म्योन', 'थैंक यू' फिल्म के लिए हॉलीवुड ब्लूबर्ड फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। बाद में उन्हें 'माइनर्स' और 'गॉड्स चॉइस' के लिए लोगों की प्रशंसा मिली , जिससे उन्हें अलग पहचान दिलाई थी।

### टॉलीवुड

## प्रभास के अलावा 'स्पिरिट' में हुई कोरियन एक्टर की एंट्री, वांगा की फिल्म में मचाएंगे धमाल



साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' में अब एक रोमांचक मोड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं। मेकर्स ने ऐलान किया कि 'ट्रेन टू बुसान' और 'इटर्नल्स' के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म 'स्पिरिट' साइन कर ली है। मेकर्स ने उनका स्वागत करते हुए एक पोस्टर जारी किया, जिसमें कैप्शन था ₹#स्पिरिट₹। वहीं फैंस ने कमेंट्स में इस अंतरराष्ट्रीय जोड़ी पर खुशी जताई है। फिल्म 'स्पिरिट' को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म 'स्पिरिट' का 'साउंड स्टोरी' टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी। अब यह रोल तृप्ति डिमरी को मिला है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। यह भूषण कुमार और संदीप की भद्रकाली पिक्चर्स का प्रोजेक्ट है। प्रभास के जन्मदिन पर फिल्म 'स्पिरिट' के ऑफिशियल X पेज पर 'स्पिरिट' से उनका लुक जारी किया गया और कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे प्रभास अन्ना। हर फैन के लिए पांच भाषाओं में 'साउंड स्टोरी'। सिस्टम उसका रिकॉर्ड जानता है। अब दुनिया उसकी #वनबैडहैबिट जानेगी।

### छॉलीवुड

## बस्तर की माटी की खुशबू, दर्द, संघर्ष और उम्मीदों की कहानी 'माटी' में



निर्माता संपत झा और निर्देशक अविनाश प्रसाद की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माटी' 14 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। निर्माता-निर्देशक का कहना है कि उनकी यह फिल्म बस्तर की संस्कृति, संवेदना और प्रेम का सच्चा दस्तावेज़ बनेगी। टीम ने अपनी हर संभव कोशिश की है कि हमारे हर दर्शक को हमर छत्तीसगढ़ और आमचो बस्तर की ₹माटी₹ को करीब से जानने और उस संवेदना को महसूस करने का अवसर मिले जो ₹माटी₹ के हर फ्रेम में बसती है। फ़िल्मि मे मुख्य किरदारों मे महेन्द्र ठाकुर, भूमिका साहा, निर्मल सिँह राजपूत, श्रीधर राव, भूमिका निषाद, राजेश महंती, नीलिमा मानिकपुरी, मनोज पाण्डेय, फातिमा राजपूत, पवन राजपूत, डॉ पूर्णिमा सरोज, आशुतोष तिवारी ने भूमिका निभाई है। फिल्म के डायरेक्टर अविनाश प्रसाद ने बताया यह फिल्म केवल एक प्रेमकथा नहीं, बल्कि उस धरती की आत्मा की पुकार है जिसने दशकों तक हिंसा, संघर्ष और आशा के बीच खुद को संभाला है। फ़िल्मि की एक विशेषता ये भी की फ़िल्मि मे 30 से अधिक आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भूमिका निभाई है। इस फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार स्थानीय ही हैं। कुछ वे भी जो कभी भटके हुए रास्ते पर थे और अब आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई कलाकार शिक्षक हैं, सामाजिक कार्यकर्ता हैं और बस्तर से गहरा भावनात्मक लगाव रखते हैं। पूरी टीम का यह प्रयास केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि बस्तर की रक्त रंजित माटी में घटी अनेकानेक दिल दहला देने वाली घटनाओं को श्रद्धांजलि है। निर्देशक अविनाश प्रसाद कहते हैं- ₹जब हमने कैमरा बस्तर की घाटियों की ओर मोड़ा, तो वहाँ सिर्फ दृश्य नहीं, आत्मा की गहराई तक उतरने वाली अनुभूति मिली। बस 'माटी' उन्ही अनकहे अहसासों और ह्दय को छू लेने वाली एहसास की कहानी है। ₹फिल्म में लोकगीत, बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और उस मिट्टी का अपनापन झलकता है जो हर दर्शक के ह्दय को छू जाएगा।

लाइफ स्टाइल

### सेरुलीन का जादू



साफ़ आसमान की तरह गहरे नीले रंग को सेरुलीन कहा जाता है और इस मौसम में खिली धूप के साथ इस रंग का जादू कुछ अलग ही नजर आता है। इसके साथ कैमल और चॉकलेट ब्राउन जैसे गर्म न्यूट्रल रंग गहराई और परिष्कार जोड़ते हैं, जबकि बटर येलो या मिंट जैसे पेस्टल रंग एक सामंजस्यपूर्ण कंट्रास्ट बनाते हैं। यह रंग संयोजन ऊर्जा और परिष्कार दोनों का एहसास कराता है।

## झटपट सुलझ जाएंगे उलझे-उलझे बाल, कुछ इस तरह बनाएं हर्बल हेयर डिटैंगलर

अगर आपके बाल अक्सर उलझे रहते हैं और आप उसे बेहद आसानी से सुलझाना चाहती हैं तो ऐसे में आप हर्बल हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। सबसे अच्छा तरीका है कि आप खुद घर पर ही हर्बल हेयर डिटैंगलर बनकर तैयार करें।

### ग्रीन टी और पुदीने से बनाएं हेयर डिटैंगलर

अगर आपकी सेंसेटिव स्कैल्प है तो आप ग्रीन टी, पुदीने और ग्लिसरीन की मदद से हेयर डिटैंगलर बनाकर तैयार कर सकती हैं। जहां, ग्रीन टी बालों को मज़बूत बनाती है, वहीं पुदीने का तेल स्कैल्प को एक फ्रेशनेस का अहसास करवाता है।

### एलोवेरा और लैवेंडर से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एलोवेरा और लैवेंडर की मदद से भी हेयर डिटैंगलर बनाया जा सकता है। एलोवेरा बालों को हाइड्रेट करता है, जिससे उन्हें सुलझाना काफी आसान हो जाता है। वहीं, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल बालों को एक प्यारी खुशबू देता है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एलोवेरा जेल में पानी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें। तैयार मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर अच्छी तरह हिलाएं। अब आप इससे बालों पर स्प्रे करें और फिर बालों को सुलझाएं।



### एप्पल साइडर विनेगर और रोज़मेरी से बनाएं हेयर डिटैंगलर

एप्पल साइडर विनेगर स्कैल्प के पीएच को बैलेंस करने के साथ-साथ बालों के क्यूटिकल को चिकना करता है, जिससे उन्हें सुलझाना आसान हो जाता है। वहीं, रोजमेरी बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ एक अच्छी सी खुशबू देती है। हेयर डिटैंगलर बनाने के लिए सबसे पहले एप्पल साइडर विनेगर और पानी को मिक्स करें। अब इसमें रोजमेरी एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें।


## कार्तिक पूर्णिमा पर तैयार होने इन लुक से लें टिप्स



यदि आप कार्तिक पूर्णिमा पर पारंपरिक अंदाज में तैयार होना चाहती हैं तो कुछ मॉडल से टिप्स लेकर तैयार हों सकती हैं। इस साल 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा है। जिसका बहुत ज्यादा धार्मिक महत्व है।

### मोनालिसा का पहला लुक

यदि आप पीले रंग की साड़ी कैरी करने का सोच रही हैं तो मोनालिसा के इस लुक से टिप्स लें। पीले रंग की साड़ी के साथ लाल रंग का ब्लाउज खूबसूरत लगेगा। इसके साथ गोल्ड की ज्वेलरी ही पहनें। उससे आपका लुक अच्छा लगेगा।



### मोनालिसा का दूसरा लुक

लाल रंग काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में यदि आप लाल रंग की साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लाल सूट का चयन करें। लाल रंग का प्लाजो सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा।

### अक्षरा सिंह का पहला लुक

लाल रंग की बनारसी साड़ी हर त्योहार के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है। यदि आपके पास ऐसी साड़ी रखी है तो छठ पूजा के दौरान उसे निकाल लें। ऐसी साड़ी पहन रहीं हैं तो बालों में जूड़ा बनाएं और उसपर गजरा लगवाएं। ऐसी साड़ी के साथ भी गोल्ड की ज्वेलरी अच्छी लगेगी।

### अक्षरा सिंह का दूसरा लुक

सिंपल लुक कैरी करना चाहती हैं तो पीले रंग का पैंट सूट पहनें। पीले रंग का ऐसा सूट आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देगा। ऐसे सूट के साथ अपने बालों को खुला रखें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

### आम्रपाली का पहला लुक

सुहागिन महिलाएं चटक लाल रंग और गोल्डन रंग की साड़ी के साथ हरे रंग का ब्लाउज पहनें। इसके साथ माथे पर सिंदूर और गले में मंगलसूत्र अवश्य पहनें। अपने इस लुक को भरी-भरी चूड़ियों के साथ ही पूरा करें।

### आम्रपाली का दूसरा लुक

हरा रंग भी पूजा में पहनने के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में आप हरे रंग का ऐसा सूट छठ पूजा के समय कैरी करें। इसके साथ अपने दुपट्टे को फैला कर दोनों तरफ कंधे पर अटैच करें। इसस आपका लुक प्यारा दिखेगा।

## चाहती हैं लंबे समय तक टिका रहे मेकअप तो पहले त्वचा को करें तैयार


मौका त्यौहार का हो या शादियों का, महिलाएं इस दिन नए-नए कपड़े पहनकर अच्छी तरह से मेकअप करती हैं। पर, कई बार ऐसा होता है कि कुछ देर बाद मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में यदि आप अपना मेकअप खराब करना नहीं चाहतीं तो मेकअप से पहले से स्किन को तैयार करें।

### सबसे पहले चेहरा साफ करें

यदि आप चाहती हैं कि आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे तो सबसे पहले चेहरा अच्छे से साफ करें। चेहरे पर मौजूद तेल, धूल और अन्य गंदगी को हटाने के लिए माइल्ड क्लींजर का उपयोग करें।

### अब मॉइश्चराइजर लगाएं

चेहरा साफ करने के बाद त्वचा को हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। ऐसे में अपने स्किन टाइप के अनुसार मॉइश्चराइजर का चयन करें और उसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं। इससे मेकअप सही से सेट होगा।



### प्राइमर का इस्तेमाल करें

जब भी मेकअप लगाएं तो पहले प्राइमर जरूर लगाएं। इसे लगाने से त्वचा की सतह स्मूथ होती है, जिससे मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है। कंसीलर और फाउंडेशन सही

### तरीके से लगाएं

फाउंडेशन और कंसीलर का इस्तेमाल हल्के हाथों से करें। ब्लेंडिंग बहुत ही अच्छे से करें, ताकि मेकअप नेचुरल लगे और केकी न लगे। इसके लिए स्पॉन्ज या ब्रश का इस्तेमाल करें। यदि आप गलत तरह से मेकअप करेंगी तो लुक बिगड़ जाएगा।

## एथनिक आउटफिट के साथ खूब जचेगी ऐसे

वैसे तो बाजार में हर तरह की ज्वेलरी आजकल मिल जाती है लेकिन फिर भी बहुत सी महिलाएं संशय में रहती हैं कि ट्रेंड के हिसाब से वो क्या खरीदें और क्या पहनें। ऐसे में आपको ट्रेंडी नेकपीस और अन्य ज्वेलरी के बारे में जरूर जानना चाहिए, ताकि आप उसे खरीद कर अपना स्टाइलिश लुक दिखा सकें।


### टेंपल ज्वेलरी

आजकल महिलाओं को इस तरह की टेंपल ज्वेलरी काफी पसंद आ रही है। अगर आप सिर्फ एक ही इस तरह का हार पहनेंगी तो आपका लुक सबसे रॉयल दिखेगा। ऐसी ज्वेलरी सिल्क फैब्रिक की साड़ी के साथ कमाल का लगता है। इसके साथ ईयररिंग्स भी मैचिंग के ही पहनें।

### पारंपरिक गोल्ड ज्वेलरी

यदि आपके पास सोने की ज्वेलरी इस तरह की है, तो पूजा के समय उसे ही पहनें। ऐसी गोल्ड ज्वेलरी हर आउटफिट के साथ अच्छी लगती है। खासतौर पर यदि अगर आप नई दुल्हन हैं, तब तो आप पर ऐसी ही ज्वेलरी अच्छी दिखेगी।

### झुमके और अंगूठी



अगर मिनिमल ज्वेलरी पहनना पसंद है तो इस तरह के मैचिंग ईयररिंग्स पहनें। मैचिंग ईयररिंग के साथ हाथ में कड़े और अंगूठी भी पहनें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे। इस ज्वेलरी के साथ आपको गले में कुछ पहनने की जरूर नहीं पड़ेगी।

### हैवी ईयररिंग्स

आजकल इस तरह के ईयररिंग्स महिलाओं को काफी पसंद आते हैं। नग जड़े ऐसे ईयररिंग्स आपके सिंपल लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेंगे। इसके साथ भी आपको अपना मेकअप हल्का रखना है और गले में भी कुछ नहीं पहनना है।

कार्नर न्यूज

### अमिताभ बच्चन ने 4 दशक पहले शुरू किया था यह फैशन ट्रेंड

## लंबी शर्ट हो तो इसे पहनने के नए-नए तरीके अपनाइए, स्टाइल के साथ निखरेगी शख्सियत

बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया।

उसके बाद शर्ट को नीचे से बांधकर पहनने का ट्रेंड चालू हो गया। यह लुक 45 साल पुराना है। मगर इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं। अमिताभ ने इससे जुड़े राज अब खोल दिए हैं। आखिर उन्होंने क्यों इस तरह से शर्ट पहनी और फिर कैसे यह एक पसंदीदा फैशन ट्रेंड बन गया। आज हम यहां पर लंबी शर्ट को पहनने के अन्य तरीकों के बारे में जानेंगे। क्योंकि कई लोगों को लंबी शर्ट पहनने की चाह होती है। किंतु एक ही तरीके से पहनते हैं। चलिए अब हम लॉन्ग शर्ट को पहनने के टिप्स के बारे में जानते हैं-

### 'नॉटेड शर्ट' लुक

जिस तरह फिल्म 'दीवार' में अमिताभ बच्चन ने लॉन्ग शर्ट को पहना था, इसी को 'नॉटेड शर्ट' लुक कह सकते हैं। इस फैशन ट्रेंड की कहानी काफी दिलचस्प है। अमिताभ बच्चन ने 'दीवार' से अपने 'नॉटेड शर्ट' लुक का फोटो शेयर कर लिखा है कि वे भी क्या दिन हुआ करते थे... और गांठ वाली शर्ट। इसकी अपनी कहानी है। शूट का पहला दिन था। शॉट रेडी, कैमरा रोल होने के लिए तैयार था और तभी पता चला कि शर्ट काफी लंबी है, घुटनों के नीचे तक। दूसरी शर्ट या एक्टर को रिप्लेस करने का इंतजार निर्देशक नहीं कर सकते थे, इसलिए गांठ बांध कर शर्ट पहननी पड़ी थी। अगर आप ओल्ड फैशन को फिर से फॉलो करना चाहते हैं तो लॉन्ग शर्ट को इस तरह से पहनें। 'नॉटेड शर्ट' लुक दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाते वक्त अपनाएं। इसके अलावा, अपनी पसंद के अनुसार भी इस तरह से शर्ट को पहन सकते हैं।



### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें। हमेशा कैजुअल शर्ट या डेनिम शर्ट की लेयरिंग करें।

